भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 336 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 22 दिसम्बर 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

### आयकर विभाग का छापा,खंगाला मनोज यादव के घर का कोना-कोना

**आरसीएल कंपाउंड में 66 घंटे तक चली कार्रवाई , टीम लौटी**

**मैनपुरी।** शहर के पंजाबी कॉलानी स्थित आरसीएल कंपाउंड पर चल रही आयकर विभाग की कार्रवाई 66 घंटे बाद पूरी हुई। सोमवार को रात 12 बजे के करीब आयकर विभाग की टीम काम खत्म करके लौट गई। टीम के हाथ कुछ लगा या फिर उन्हें खाली हाथ ही लौटना पड़ा, इस बारे में कोई जानकारी फिलहाल सार्वजनिक नहीं की गई है। शनिवार को सुबह छह बजे पंजाबी कॉलोनी स्थित आरसीएल कंपाउंड पर आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा था। यहां आरसीएल कंपनी का कार्यालय संचालित होने के साथ ही कंपनी के निदेशक मनोज यादव का आवास भी है। आयकर विभाग की टीम पहुंचने के बाद से ही पूरे परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित कर पुलिस तैनात कर दी गई थी। इसके बाद से कार्यालय, आवास, कॉलेज व अन्य प्रतिष्ठानों पर जांच जारी थी। शनिवार, रविवार के बाद सोमवार तक जांच चल रही थी। सूत्रों के अनुसार इस दौरान टीम ने एक-एक कागज और घर का हर कोना खंगाला। सोमवार को आधी रात 12 बजे के करीब टीम लगभग 66 घंटे बाद काम खत्म कर बाहर निकली। दरअसल आयकर विभाग की टीम में दिल्ली और लखनऊ के साथ ही झांसी, आगरा, प्रयागराज, कानपुर आदि जिलों के अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। जाने से पहले आयकर विभाग की टीम की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया। ऐसे में ये पता नहीं चल सका जांच में टीम को कुछ हाथ लगा या फिर टीम को तीन दिन बाद भी खाली हाथ ही लौटना पड़ा।

**आरसीएल परिवार भी नहीं आया सामने**

आयकर विभाग की कार्रवाई शनिवार को सुबह छह बजे शुरू हुई थी। इसके लगभग छह घंटे बाद आरसीएल के निदेशक मनोज यादव मीडिया के सामने आए थे।

# अब कोई ताकत नए यूपी को फिर से अंधेरे में नहीं ढकेल सकती : पीएम

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मातृशक्ति के महाकुंभ में नए यूपी की तस्वीर और तकदीर बदलने का आह्वान किया। उन्होंने गांव से शहर तक की बेटियों को आत्मनिर्भर भारत की चैंपियन बताया और उनके साहस को सलाम करते रहे। पीएम ने नए यूपी में सुरक्षा, अधिकार और व्यापार की संभावना वाले संगम की जमकर तारीफ की और एलान किया कि अब कोई ताकत इस नए यूपी को फिर से अंधेरे की ओर नहीं धकेल सकती। संगम के निकट परेड मैदान में पीएम ने उन मातृशक्तियों से मुलाकात की, जिन्होंने सरकारी योजना के जरिए ना सिर्फ अपनी बेरोजगारी दूर की, बल्कि अपने आसपास की गरीब महिलाओं को



भी आत्मनिर्भर बना सफलता की राहें तय की हैं। अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी बगैर किसी दल का नाम लिए विपक्ष पर हमलावर रहे। उन्होंने कहा कि यूपी की महिलाओं ने अब ठान लिया है कि यहां पहले की सरकारों वाला दौर दोबारा नहीं लौटने देंगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपी में सुरक्षा, अधिकार और व्यापार का संगम है। नारी गरिमा को योगी राज में तरजीह दिए जाने की बात



कह मोदी ने महिलाओं में सुरक्षा का विश्वास दिलाया। वह डबल इंजन की सरकार में महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं का सिलसिलेवार ढंग से उल्लेख भी करते रहे।

### बेटियों को मिलेंगे आगे बढ़ने के अवसर

पीएम नरेंद्र मोदी ने केंद्र और यूपी सरकार की योजनाएं गिनाते हुए बेटियों के लिए अवसर बढ़ाने और उनके जीवन में और उजाला करने की बात कही। पीएम मोदी ने कहा कि बेटियों की शादी की उम्र 18 से बढ़ाकर 21 करने का प्रयास किया जा रहा है। बेटियां भी चाहती हैं कि उन्हें पढ़ाई-लिखाई और आगे बढ़ने के बराबर के अवसर मिलें, लेकिन बेटियों की शादी की उम्र 21 वर्ष करने पर कुछ लोगों को परेशानी हो रही है।

## दिलों पर छाया पीएम मोदी का ठेठ इलाहाबादी अंदाज

**प्रयागराज।** हर किसी के मन की बात कहकर करीब पहुंचने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चिर परिचित अंदाज संगमनगरी में भी दिखा। उन्होंने जब ठेठ इलाहाबादी बोली में अपना संबोधन आरंभ किया, तब तालियों की गड़गड़ाहट के साथ मोदी-मोदी के शोर से परेड मैदान गूंज उठा। मातृशक्ति के महाकुंभ में प्रधानमंत्री मोदी ने सामर्थ्य की प्रतीक माताओं-बहनों को सबसे पहले नमन किया। इसके बाद भारत माता की जय करते हुए उन्होंने अपने भाषण की शुरूआत इलाहाबादी बोली में कर लोगों का दिल जीत लिया। मोदी ने ठेठ अंदाज में भीड़ का अभिवादन किया। कहा कि, संगम पर ये धरती के हम शीश झुकाय के प्रणाम कर थई। ई धरा पर ज्ञान, धर्म और न्याय क त्रिवेणी बहत हौ। तीर्थन के ई नगरी में आय के अपार ऊर्जा क एहसास होत बा।

मोदी ने पिछले कुंभ की यादों तो ताजा करते हुए कहा कि, पिछले कुंभ मा जब हम आवा रहेन तब संगम मा डुबकी लगाइके अलौकिक अनुभव प्राप्त किया रहे। मां गंगा, यमुना, सरस्वती के पावन तट पर बसे प्रयागराज के धरती पर आय के हमेशइ एक अलग ऊर्जा क एहसास होत अहै। ऐसी पावन भूमि को हाथ जोड़कर प्रणाम करता हूं। मोदी के इस संबोधन पर हर तरफ भारत माता और वंदे मातरम के भी जयकारे लगते रहे। इससे पहले मोदी ने स्वयं सहायता समूहों की 75 महिलाओं से मुलाकात की और उनसे आत्मीय संवाद किया।

## पीएम मोदी के विजन से सुधरा प्रदेश में लिंगानुपात : सीएम

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को संगम किनारे परेड मैदान में कहा कि आधी आबादी जिस अधिकार और सम्मान को पाने के लिए आजादी के बाद से प्रतीक्षारत थी, वह वर्ष 2014 के बाद पीएम मोदी के नेतृत्व में उन्हें मिला। पीएम के विजन के अनुरूप कार्य करने से प्रदेश में महिला-पुरुष अनुपात में सुधार आया। यूपी की सरकार नारी गरिमा को संरक्षित एवं संवर्धित करते हुए उनकी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। परेड ग्राउंड में 1.60 लाख महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए एक हजार करोड़ रुपये के ऑन लाइन हस्तांतरण और प्रयागराज में 202 टेक होम राशन प्लांट के शिलान्यास कार्यक्रम में सीएम योगी ने कहा कि महर्षि भरद्वाज की तपोभूमि एवं पावन



संगम नगरी में महिला स्वावलंबन को नई दिशा देने के लिए ही पीएम प्रयागराज आए। सीएम ने कहा कि जब उन्होंने वर्ष 2017 में पदभार संभाला तब पीएम ने उनसे कहा था कि प्रदेश में कुछ जनपद हैं, जहां महिला और पुरुष के अनुपात में कुछ विसंगति है।पीएम की इस बात पर पूरी तरह से अमल करते हुए केंद्र सरकार की योजनाओं को पूरी तत्परता से बढ़ाने का कार्य किया।

### सीएम ने गिनाईं महिला कल्याण योजनाएं

सीएम ने इस दौरान महिलाओं के लिए चलाई जाने वाली कई योजनाओं का उल्लेख किया। कहा कि आज पीएम स्वामित्व योजना के माध्यम से हर गरीब को उसका अधिकार तो दिया ही जा रहा है, साथ ही अधिकांश मकानों के कब्जे महिलाओं के नाम पर ही दिए जा रहे हैं। पीएम द्वारा जनधन एकाउंट को एक-एक व्यक्ति तक पहुंचाने के सपने को बैकिंग कॉरेस्पोंडेंट सखी साकार करने का कार्य कर रही हैं। मातृ वंदना की योजना हो, मिशन इंद्रधनुष के माध्यम से टीकाकरण के अभियान को एक नई गति देने का कार्य हो, घर-घर शौचालय के माध्यम से नारी गरिमा की रक्षा हो तो फिर माताओं को संपत्ति का अधिकार, इस तरह के अनेक कार्यक्रम चल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को भी संपत्ति का अधिकार दिलाया है।



### सखियों के काम को सराहा

पीएम ने गांवों के स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं सखियों के काम की तारीफ की। कहा कि गांव की बीसी सखियों ने 75 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन का कारोबार संभाल रखा है। गांवों की ये बेटियां-बहनें बैंकों को लेकर लोगों के द्वार पर पहुंच गई हैं। इन सखियों की वजह से ही बैंक गांवों तक पहुंच गए हैं। यह कोई छोटा काम नहीं है। कुछ समय पहले तक जिनके खुद के खाते नहीं थे, आज उन बहनों के हाथ में बैंकिंग की ताकत आ गई है। उन्होंने बेटियों के बीच वक्त गुजारा और आत्मनिर्भरता के कदमों के लिए उनको हृदय से सराहा भी। कहा कि अब जब बेटियां आगे बढ़ने लगी हैं तो कुछ लोगों को तकलीफ भी हो रही है। यह किसी से छिपा नहीं है।

## पीएम मोदी की सभा में कुर्सियां खाली होते देख चढ़ा मंत्री का पारा, अफसरों के फूले हाथ-पांव

**प्रयागराज।** परेड ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में वैसे तो लाखों महिलाओं को जुटे देख आयोजनकर्ता गदगद दिखे। लेकिन इस दौरान एक मौका ऐसा भी आया, जब न सिर्फ आयोजक बल्कि पुलिस-प्रशासन के अफसरों को भी असहज स्थिति का सामना करना पड़ा। दरअसल प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान ही कुछ महिलाओं के उठकर जाने से कुर्सियां खाली होने लगीं। यह देख जिले के प्रभारी मंत्री महेंद्र सिंह का पारा चढ़ गया और उन्होंने खुद लगभग भागते हुए मीडिया गैलरी के पास स्थित कार्यक्रम स्थल के इंट्री गेट पर पहुंचकर नाराजगी जताई। इस पर डीएम-कमिश्नर के हाथ-पांव फूल गए। इसके बाद कुछ देर के लिए महिलाओं के कार्यक्रम स्थल से बाहर निकलने पर रोक भी लगाई गई। घटना चर्चा का विषय बनी रही।वाकया दोपहर 2.15 के करीब का है। प्रधानमंत्री का संबोधन शुरू हो चुका था और कार्यक्रम आगे



### भागते हुए मंत्री पहुंचे मौके पर

वह मंच के पीछे से निकलकर पैदल ही लगभग भागते हुए लाल सड़क पर स्थित कार्यक्रम स्थल के इंट्री गेट पर पहुंच गए। उधर, मंत्री को जाते देख कमिश्नर संजय गोयल व डीएम संजय खत्री और वहां मौजूद पुलिसवाले भी उनके पीछे-पीछे चलने लगे। मंत्री सीधे मंच के पास मीडिया गैलरी की ओर बने इंट्री गेट पर पहुंच गए। वहां पहुंचने पर भी उन्होंने देखा कि महिलाओं का कार्यक्रम स्थल से बाहर निकलने का सिलसिला जारी था।इस पर उन्होंने पूछा कि यहां किसकी ड्यूटी है। जिस पर डीएम के हाथ-पांव फूल गए और वह कोई जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद मंत्री इंट्री गेट से कुछ दूर पर जाकर खड़े हो गए और फिर करीब पांच मिनट तक उन्होंने किसी से कुछ नहीं बोला। उधर मंत्री का मूड भांपकर गेट पर मौजूद पुलिस व अन्य कर्मचारियों ने कुछ देर के लिए इस गेट से बाहर निकलने पर रोक लगा दी। महिलाओं से कहा गया कि कार्यक्रम चल रहा है, ऐसे में वह कुछ देर तक बाहर न निकलें। इसके बाद गेट से निकलने पर रोक लगा दी गई। उधर कुछ देर बाद मंत्री वापस चले गए।

### और फिर पुरुषों को भी मिली इंट्री

आयोजन से पहले स्पष्ट निर्देश थे कि कार्यक्रम स्थल के भीतर मीडिया के अलावा सिर्फ महिलाएं ही जाएंगी। आयोजन के काफी देर तक इन निर्देशों का पालन भी हुआ। यहां तक कि जनप्रतिनिधियों के समर्थकों को भी इंट्री नहीं दी गई और उन्हें बाहर ही रखा गया। हालांकि कुर्सियां खाली होने पर मंत्री के नाराजगी जताने के बाद सुरक्षाकर्मियों की हालत ऐसी हुई कि उन्होंने पुरुषों को भी कार्यक्रम स्थल में इंट्री दे दी।

### यूपी में सरकारी खर्च पर इखढ के लिए चुनावी तैयारी कर रहे पीएम मोदी, सपा ने की चुनाव आयोग में शिकायत

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने यूपी में निष्पक्ष विधानसभा चुनाव कराने को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने यह पत्र लिखा है। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंगलवार को प्रयागराज में सम्पन्न हुई जनसभा में भीड़ जुटाने के लिए परिवहन निगम की हजारों बसों से लोगों को सभास्थल तक पहुंचाया गया। इसके पहले भी प्रधानमंत्री के कार्यक्रमों में परिवहन निगम की बसों को लगाया जा चुका है। पत्र में कहा गया है कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने सरकारी खजाने से गरीब जनता के करोड़ों रुपये का दुरुपयोग किया है। विधानसभा निर्वाचन 2022 निकट है।प्रधानमंत्री भाजपा के चुनाव की तैयारी के लिए लगातार यूपी में कार्यक्रम कर रहे हैं और इसमें सरकारी तंत्र और धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने पत्र में आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा के मंत्री, विधायक, नेता, कार्यकर्ता निर्वाचन आयोग के निर्देशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

## मैनपुरी में योगी सरकार पर बरसे अखिलेश

### कहा- चाचा को साथ लिया तो जांचें होने लगीं, हम डरने वाले नहीं

**मैनपुरी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को मैनपुरी के क्रिश्चियन मैदान में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी और भाजपा पर जमकर निशाना साधा। सपा नेताओं के यहां आयकर के छापों पर अखिलेश ने कहा कि चाचा (शिवपाल सिंह यादव) को साथ लिया तो जांचें होने लगीं। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को अपनी हार दिखाई देने लगी है। इसलिए दिल्ली से जांच अधिकारी भेजे हैं, लेकिन हम समाजवादी डरने वाले नहीं है।



**भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था फेल**

सपा मुखिया ने कहा कि किसानों ने लॉकडाउन में काम कर देश की आर्थिक व्यवस्था बचाई है। सपा की सरकार बनने पर किसानों के हितों में काम होगा। जिनकी नौकरी छीनी उन्हें सम्मान मिलेगा। योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बाबा की सरकार में कानून व्यवस्था फेल है। 100 से 112 कर पुलिस का कबाड़ा कर दिया। खाद की चोरी इस सरकार ने की। भाजपा के लोग गरीबों के हक पर डाका डाल रहे हैं। ये उपयोगी सरकार नहीं अनुपयोगी सरकार है। नाम और रंग बदलने सरकार है।

**भाजपा की ऐतिहासिक हार होगी- अखिलेश**

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की सरकार एक्सप्रेसवे के किनारे मंडी बनने का कार्य पूरा नहीं कर सकी। जितनी मंडी सपा सरकार ने बनाई उतनी ही आज है। जो सड़कें नेताजी (मुलायम सिंह यादव) ने दीं, उन सड़कों को चौड़ा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा की रैली सरकारी रैली होती है। सपा की रैली जनता की रैली है। जनता से भाजपा को हटाने का संकल्प लिया है। ये ऐतिहासिक रैली बता रही है कि भाजपा की ऐतिहासिक हार होगी।

**लखीमपुर में कब चलेगा बुलडोजरः अखिलेश**

लखीमपुर कांड को लेकर अखिलेश यादव ने योगी सरकार से सवाल किया कि सरकार बताएं लखीमपुर में बुलडोजर कब चलेगा। सबसे अधिक माफिया भाजपा में हैं। पहले मुख्यमंत्री हैं, जिन्होंने अपने मुकदमे वापस लिए। सपा मुखिया ने कहा कि हम सब जातीय जनगणना चाहते हैं। सपा की सरकार बनने के तीन महीने के अंदर जातीय जनगणना कराकर सब को आबादी के अनुसार हक दिलाएंगे।

## खबर संक्षेप

### कार से अधिवक्ता की रिवाल्वर चोरी

**बारा/शंकरगढ़।** लाइसेंसी रिवाल्वर का नवीनीकरण करवाने गए अधिवक्ता की रिवाल्वर चोरी हो गई। अधिवक्ता के मुताबिक उन्होंने रिवाल्वर कार में रखी थी। मामले की जानकारी मुकामी पुलिस को दी गई है। यह मामला यमुनापार के बारा थाने का है। जानकारी के मुताबिक शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के शिवराजपुर के रहनेवाले वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यवान सिंह परिहार बारा तहसील में प्रैक्टिस करते हैं। उनके पास रिवाल्वर का लाइसेंस है। वरिष्ठ अधिवक्ता के मुताबिक मंगलवार को वह अपना असलहा लेकर उसका नवीनीकरण करवाने के लिए आए थे। इसी दौरान आवश्यक कार्य आ जाने से वह रिवाल्वर को कार में ड्राइविंग सीट पर रखकर कोर्ट चले गए। जब वापस लौटे तो रिवाल्वर कार से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब पता नहीं चला तो उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। दरोगा हरिनारायण सिंह ने छानबीन की और अधिवक्ता से आवश्यक जानकारी ली। खबर लिखे जाने तक गायब रिवाल्वर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी।

# केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की 23-24 फरवरी की प्रस्तावित हड़ताल को आइरेफ का समर्थन

अखंड भारत संदेश



ट्रेड यूनियनों का आईरेफ का समर्थन किए जाने का दृश्य

**प्रयागराज।** विगत 19 दिसम्बर ,2021को इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी(सी डब्ल्यू सी)की महत्वपूर्ण बैठक रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला में संपन्न हुई।

बैठक के मुख्य अतिथि आल इण्डिया सेन्ट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियंस(एक्टू) के राष्ट्रीय महासचिव कॉम. राजीव डिमरी एवम् अध्यक्षता कॉम. रबी सेन सम्मानित अध्यक्ष ने और संचालन कॉम. जुमेरदीन, संगठन सचिव ने किया। बैठक में इंडियन रेलवे इम्प्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कॉम मनोज पाण्डेय , महासचिव कॉम सर्वजीत सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष कॉम अमरीक सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कॉम डॉ कमल उसरी, कॉम राजेंद्र पाल, किशानु भट्टाचार्य, कृष्ण कुमार, उम्मेद सिंह चौहान, मृत्युंजय कुमार, संजय तिवारी, संजीव सक्सेना, संतोष पासवान, मनीष हरिनंदन, रतन चंद, हरिकेश, चंद्रभान, भरत राज, रमेश कुमार आदि सहित रेलवे के 13 जोनों से सीडब्ल्यूसी के सदस्य उपस्थित रहे। प्रेस को जानकारी देते हुए कम्प्यूटर के अध्यक्ष अध्यक्ष कॉम. मनोज पाण्डेय व महासचिव कॉम. सर्वजीत सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से ऐक्टू सहित देश भर की 12 प्रमुख केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की तरफ से प्रस्तावित 23 - 24 फरवरी 2022 की आम हड़ताल का समर्थन करने का फैसला किया गया तथा नई पेंशन स्कीम, रेलवे निजीकरण, राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइप लाइन योजना रेलवे में 100% एफडीआई, पीपीपी मॉडल लागू करने, श्रम कानूनों में पूंजीपतियों के पक्ष में बदलाव करने के खिलाफ तथा नई भर्ती आदि की मांग को लेकर ऑनलाइन हस्ताक्षर अभियान शुरू करने, ब्रांचों, डिवीजनों, जोनों में जन-अभियान चलाने और मार्च 2022 में दिल्ली के जंतर मंतर पर बड़ा प्रदर्शन करने का फैसला किया गया है।

ट्रेड यूनियन नेताओं ने आगे कहा कि भारतीय रेलवे पर निजीकरण के गहरे संकट मंडरा रहे हैं, केंद्र सरकार भारतीय रेलवे को टुकड़ों में बांटकर दुनिया भर के पूंजीपति लुटेरों को सौंपना चाहती है, इसीलिए कर्मचारियों की भर्ती से इंकार कर ठेकेदारी, आउटसोर्सिंग आदि को बढ़ा कर यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा। श्रम कानूनों पर कुठाराघात कर किया जा रहा है। ऐसी नीतियों के खिलाफ फेडरेशन पूरी शिद्दत के साथ संघर्ष की तैयारी में है। उन्होंने रेलवे के सभी संगठनों को एक मंच पर आने की अपील करते हुए कहा कि इतिहासिक किसान आंदोलन व उसकी जीत ने हमें एकजुट होकर लड़ने की शिक्षा दी है और इसी रास्ते पर चलकर ही हम कर्मचारी अपने आप को, देश के लोगों को तथा देश को बचा पाएंगे। अन्यथा आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी।

## न्यूज झरोखा

### वन पर्वतों की सुरक्षा में जन सहयोग जरूरी : वन क्षेत्राधिकारी

**नए वन क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार कोरांव ने लिया कोरांव वन रेंज का चार्ज**



**कोरांव।** वन क्षेत्राधिकारी कोरांव दिनेश कुमार ने बताया कि वन पर्वतों के सहयोग में जन सहयोग जरूरी होता है। श्री कुमार गत दिवस पदभार ग्रहण करने के बाद वार्ता के दौरान ये बातें कहीं। वन क्षेत्राधिकारी कोरांव ने कहा कि मेरा प्रयास होगा कि वन पर्वतों और वन्य प्राणियों की सुरक्षा हो। अवैध खनन कदापि नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरे भरे बन वृक्ष अवैध ढंग से काटने तथा परिवहन की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी। मेरा प्रयास होगा कि अवशेष वन सुरक्षित रहें। दिने श कुमार ने बताया कि अधीनस्थ कर्मियों अफसरों को सतर्क दृष्टि रखते हुए वनों पर्वतों हरे भरे पेड़ों की रक्षा प्रत्येक रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अवैध खनन और कटान करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### खरिहान में लगी आग से लाखो की धान जलकर राख



**रत्योरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के टीकर गाँव के एक किसान के खरिहान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से लाखों का धान जलकर राख हो गया।मिली जानकारी अनुसार कोरांव थाना क्षेत्र के टीकर गाँव निवासी विजय कुमार पुत्र अच्छेलाल कुशवाहा के खरिहान में रखी आठ बीघे की धान की फसल संदिग्ध परिस्थिति में आग लग जाने से लाखों का धान जलकर राख हो गया। विजय कुमार कुशवाहा ने बताया कि खरिहान से कुछ दूरी पर ही खेत मे बोई हुई फसल की सिंचाई कर रहा था।अचानक मुड़कर देखा तो धान में आग लवर बना चुका आवाज देने पर पडोस वालो ने आग बुझाने की कोशिश की किन्तु आग बुझाने के लिए पानी की व्यवस्था करते करते धान की फसल जलकर नष्ट हो गया ।

### करछना के मदौली में 2 दिन पूर्व बनी सड़क उखड़ गई, ग्रामीणों में आक्रोश



**करछना।** तहसील क्षेत्र केमदौली गांव में प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत बनाई जाने वाली सड़क मार्ग का निर्माण कार्य घटिया किस्म से किए जाने से पूरी सड़क बनने के 2 दिन बाद से गिट्टी डामर सब अलग हो गए जिससे मार्ग पूरी तरह खस्ताहाल बना हुआ है ग्रामीणों ने ठीके दार के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है ,ग्रामीणों ने बताया कि गांव में प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत निर्माण कार्य चल रहा है जिस कार्य में ठेकेदार द्वारा सड़क के डामरीकरण में घटिया किस्म का कार्य किया है जिसके कारण सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है आवागमन पूरी तरह उबर खाबर जैसे मार्ग पूर्व में था आज भी उसी दशा में हो गया है जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से करते हुए ठेकेदार के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई वह सड़क की पुनः मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

### 23 दिसम्बर से दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का होगा आयोजन



**नैनी।** माधव ज्ञान केंद्र इंटर कॉलेज में विद्या भारती द्वारा प्रांत स्तर की एथलेटिक्स, बैंडमिंटन व कबड्डी की प्रतियोगिता आगामी 23 व 24 दिसम्बर 2021 को आयोजित होगा। जिसमें काशी प्रान्त के आठ संकुलो से लगभग चार सौ प्रतिभागियों को शामिल होंगे। इससे संबंधित मंगलवार को बैठक उक्त विद्यालय में विद्या भारती के संगठन मंत्री डॉ राम मनोहर, प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह, प्रधनाचार्य डॉ विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी, प्रान्त के शारीरिक प्रमुख अजीत जी के नेतृत्व में सम्पन्न कर जानकारी दी गई।

### नर सेवा नारायण सेवा : डा अस्मिता सिंह



**जसरा।** समाज सेवा का कार्य सदैव लोगों कों आत्मिक सुकून प्रदान करता हैं। समाज के हर जिम्मेदार लोगों से असहाय, निर्धन, जरूरतमंदो की मदद मे अपना योगदान प्रदान करना चाहिए। उक्त बातें केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डा. अस्मिता सिंह सोमवार कों जसरा क्षेत्र के सुजौना गाँव मे ग्यारह आदिवासी छात्रों कों पाँच -पाँच हजार रुपए की धनराशि का चेक सौपी यह ऐसे छात्र हैं जों धनाभाव के कारण पढ़ाई नहीं कर पा रहें हैं। साथ ही डा. अस्मिता सिंह ने यह भी जानकारी प्रदान करते हुए बोलीं कि आगामी 27दिसम्बर कों चाका ब्लाक स्थित शिव बालक इंटर कालेज मे 51बेटियों कों कापी, बैग, पेंन सहित 75000राशि विद्यालय मे पुस्तकालय के लिए भेंट करेंगी।राजकुमार, राजेश, श्याम सिंह, गुन्नू आदिवासी, पोले आदिवासी आदि लोग मौजूद रहें।

## धान खरीद में हेराफेरी और नहर में पानी न आने से किसान परेशान

**निराकरण न होने पर होगा आंदोलन : सोमदत्त सिंह**

**कोरांव।** सरकार एक तरफ किसानों की आय दोगुनी करने की वादा करती है ,वहीं किसानों को धान का समर्थन मूल्य भी नही मिल पा रहा है। जिसके कारण किसान मेहनत से उगाए धान को बिचौलियों व व्यापारियों के हाथों औने -पौने दाम पर बेचने पर मजबूर है। दिसंबर माह आधा गुजर गया है। मगर अभी तक वृहद रूप से धान की खरीदारी शुरू नहीं हो सकी है। धान क्रय केंद्र का कहीं अता पता नहीं है। इस संबंध में वरिष्ठ सपा नेता सोमदत्त सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज एवम जिला योजना समिति सदस्य प्रयागराज का कहना है कि धान क्रय केंद्र संचालकों द्वारा किए जा रहे हेरा फेरी के कारण लोग अपनी फसल को बिचौलियों के हाथों बेचने पर मजबूर है। क्योंकि रवि फसल गेंहू की बोआई का समय बीतता चला जा रहा है।क्षेत्र के सभी किसानों को गेहूं की बोआई करनी है, जिसमें खाद-बीज की जरूरत है। इसके लिए पैसे की आवश्यकता है। मगर विभाग कान में तेल डालकर सोया हुआ है सपा नेता ने कहा कि लोग धान फसल को रोपाई से लेकर कटाई तक दिन रात एक करके मेहनत करते है। लेकिन जब फसल को बेचने का समय आता है तो विभाग मौन साध लेता है मजबूर होकर किसान तेरह सौ रुपये प्रति क्विंटल की दर से बिचौलियों के हाथों धान बेचने पर मजबूर है।

जबकि सरकार द्वारा समर्थन मूल्य 1850 रुपये और प्रति क्विंटल तथा 175 रुपये सबसिडी निर्धारित की है। उस स्थिति में किसानों को सात सौ रुपये प्रति किवंटल की हानि हो रही है। चर्चित किसान नेता राजेश पांडे और समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष मेहताब खान ने संयुक्त रूप से कहा की रवि की फसल की बुआई का समय बीतता जा रहा है और अभी तक नहरों में पानी का आना किसानों के माथे पर बल लाने का कार्य कर रहा है जिसके कारण किसानों में भारी रोष व्याप्त है।जबकि समय समय पर सरकार किसान हितैषी होने का दावा करती है लेकिन धरातल की स्थित बद से बदतर है। सपा नेताओं ने सक्षम अधिकारियो से उक्त मामले को संज्ञान में लेते हुए दोषियों के ऊपर कार्यवाही करने और किसानों की समस्या का निराकरण न होने की दशा में आंदोलन की चेतावनी दिया है।

# सोरों बाजार में कांग्रेस ने लड़की हूं लड़ सकती हूं शक्ति दिवस मनाया

अखंड भारत संदेश


सोरो बाजार में शक्ति दिवस दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर रैली निकालते उत्तर प्रदेश कांग्रेस सचिव संजय तिवारी

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर विधानसभा के सोरों बाजार में लड़की हूं लड़ सकती हूं शक्ति दिवस मनाया गया। महिला सशक्तिकरण महिला सम्मान की लड़ाई सिर्फ कांग्रेस पार्टी प्रियंका गांधी के नेतृत्व में लड़ रही है। उक्त जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव संजय तिवारी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रियंका गांधी के निर्देश पर आज लड़की हूं लड़ सकती हूं इस नारे के साथ न्याय पंचायत सोरों में महिला सशक्तिकरण के तहत कांग्रेस द्वारा सोरों न्याय पंचायत में महिलाओं का एक जुलूस जन जागरण के लिए निकाला गया उक्त जुलूस में सैकड़ों महिलाएं विभिन्न वर्गों की जिसमें ज्यादातर बनवासी थे अपने हाथों में कांग्रेस का झंडा लेकर मैं लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा लगाते हुए सोरों तिराहे से लेकर बाजार होते हुए पूरे गांव में नारा लगाते हुए जुलूस निकाला।श्री तिवारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी ने महिलाओं के लिए 40% टिकट प्रत्येक जिले में रिजर्व कर दिया है और आधी आबादी को पूरा हक दिलाने के लिए उनका अभियान अब चल पड़ा है तिवारी ने कहा कि महिलाएं घर चलाती हैं लेकिन अब देश चलाने की हिम्मत उनमें आ गई है और यह विश्वास प्रियंका गांधी ने पैदा किया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश पांडेय, राजेश भारतीय, आदर्श प्रजापति, राजेश द्विवेदी, त्रिलोचन गुप्ता प्रमुख रूप से शामिल थे।


ग्राम पंचायत बसनेहटा में हुए ग्राम प्रधान प्रधान उपचुनाव में विजयी प्रधान

# बसनेहटा के शिवकुमार भारतीय 71 मतों जीतकर प्रधान निर्वाचित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापपुर।** विकास खण्ड प्रतापपुर के ग्राम पंचायत बसनेहटा में ग्राम प्रधान लल्लन भारतीय के 16 नवंबर को आसमयिक मृत्यु पर रिक्त चल रहे ग्राम प्रधान के आरक्षित सीट पर हुए उपचुनाव में शिव कुमार भारतीय 367 मत पाकर विजयी घोषित हुए दूसरे स्थान पर रहे अशोक कुमार को 296 मत मिला वही हरिलाल 124 मत,राजेश कुमार 89 देवराज 44, रामबहादुर 22,रमेश कुमार 19,रीता देवी 12,दुखीराम 11,मानिकचंद्र 11 मत प्राप्त हुआ और 23 मत अवैध पाये गये।निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार राव एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र सौंपा ब्लॉक मुख्यालय से बाहर निकलते ही ग्राम प्रधान के समर्थकों ने फूल मालाओं से लाद दिया।इस मौके पर लाल साहब सिंह, देवराज यादव, कीमत गौड़, रमेश कुमार यादव, पूर्व प्रधान मइहर दीन, राजेश कुमार यादव आदि समर्थक उपस्थित रहे।

### पैसा दोगुना करने के नाम पर लाखों की ठगी

**जारी।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के जारी बाजार में मंगलवार दोपहर पैसा दोगुना करने के नाम पर एक परिवार से लाखों की ठगी कर उचक्के रफू चक्कर हो गए। घटना के अनुसार तेलघना निवासी रजिया परवीन को कुछ लोगों ने बताया कि यदि वह एक लाख देगी तो उसका पैसा तुरंत ही डबल वापस कर दिया जाएगा। जिस पर रजिया परवीन अपने पिता इसरार अहमद के साथ ?100000 लेकर बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने पहुंची। वहां पहले से मौजूद युवकों ने उससे ? 40000नकद लिया, और बदले में उसे कागज का 200000 के नोट पकड़ा कर चलता बने। इससे परेशान होकर पिता पुत्री दोनों मौके पर ही रोने लगने लगे। उनके रोने बिलखने की आवाज पर स्थानीय लोगों का जमावड़ा लग गया। लोगों ने घटना की सूचना मोबाइल फोन से थानाध्यक्ष कौंधियारा विनोद कुमार सिंह को दिया। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने पिता पुत्री दोनों को अपने साथ गाड़ी में बैठा लिया, और घटनास्थल से रवाना हो गए।



नागरिक पीजी कालेज में अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में संगोष्ठी कार्यक्रम

### आधुनिक युग में मानवीय मूल्यों को जीवित रखने के लिए भक्ति मार्गीय अनुसरण आवश्यक

**जंघई।** नागरिक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती एवं आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हिंदी विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी श्रृंखला के अंतर्गत मुख्य वक्ता के रूप में डॉ अरुण कुमार मिश्र असिस्टेंट प्रोफेसर हिंदी विभाग, एमडीपीजी कॉलेज प्रतापगढ़ को आमंत्रित किया गया।जिन्होंने अपनी विषय विशेषज्ञता से "हिंदी साहित्य के भक्तिकाल में मानवीय मूल्यों की उपादेयता" विषय पर ओजपूर्ण एवं प्रभावकारी व्याख्यान दिया। जिससे महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राएं लाभान्वित हुए। महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य डॉ राजीव मालवीय के कुशल निर्देशन में विभाग द्वारा करायी गई गोष्ठी की उपादेयता सार्थक सिद्ध हुई।विभाग प्रभारी डॉ गंगेश दीक्षित, डॉ ज्ञान प्रकाश द्विवेदी, कुलदीप सोनी, ममता यादव, विकास यादव, सुनील कुमार, डॉ वंदना श्रीवास्तव एवं डॉ रत्नेश शुक्ल की गरिमामयी उपस्थिति के कारण गोष्ठी सकुशल संपन्न हुई।

# शेष दुर्गा हर्बल के प्रोड्यूसर अब युवाओं को देंगे दुग्ध व्यवसाय करने का बढ़ावा : आर पी पाण्डेय

अखंड भारत संदेश

**कृषक गोष्ठी में दुग्ध उत्पादन और खेल प्रेमियों को किया गया प्रेरित**


कृषक गोष्ठी का आयोजन करते शेष दुर्गा हर्बल

**करछना।** शेष दुर्गा हर्बल प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड प्रयागराज व दुर्गा हर्बल कृषक उत्थान ट्रस्ट, कबरा के संस्थापक आर पी पाण्डेय के आह्वाहन पर कबरा में फॉर्म हाउस पर किसान गोष्ठी व दूध के व्यवसाय से जुड़े किसान व युवाओं की उपस्थिति में आयोजन किया गया जिसमें आशीष कुमार तिवारी, कम्पनी डायरेक्टर व सर्व राजेन्द्र प्रसाद यादव, पंचदेवरा, संजय निषाद, दया शंकर तिवारी, नयन तिवारी,निहाल तिवारी,सुभम मिश्रा, निखिल तिवारी, हर्ष तिवारी, संदीप, संजय, उज्जवल, अमन तिवारी, सचिन तिवारी, नीलेश तिवारी, व अनुराग मिश्रा आदि शामिल रहे। जिसमें गांव को प्रगति के मार्ग पर कैसे अग्रसर किया जाय इस विषय पर गहन चर्चा हुई। चर्चा के दौरान आर पी पाण्डेय ने सभी युवाओं से आह्वाहन किया की अपने गांव कबरा को स्मार्ट कबरा बनाने के लिए युवा शक्ति का संगठित होना अत्यंत आवश्यक है। जिसमें स्वच्छता अभियान, गांव की तरक्की के लिए सरकार से मिलने वाली योजनाओं की मॉनिटरिंग करना, उसे पूरा करने के लिए ग्राम प्रधान को प्रेरित करना, सरकारी अनुदान को हर किसान तक पहुंचाना, युवाओं के शारीरिक, ब्याहारिक, मानसिक व बौद्धिक स्तर के विकास हेतु खेलों का आयोजन करना। इस पर सभी युवाओं ने पूर्ण सहयोग का वादा किया और गांव की क्रिकेट टीम के लिए समस्त सुवधाएं व आर्थिक सहायता हेतु श्री पाण्डेय से निवेदन किया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया और आगामी एक जनवरी से गांव में क्रिकेट टूनार्मेंट की पुनः शुरूआत करने की भी स्वीकृति श्री पाण्डेय द्वारा युवाओं को दी गई। इस गोष्ठी में ऑर्गेनिक हर्बल मिल्क डेरी की स्थापना को लेकर भी चर्चा की गई, जो आगामी वर्ष में पतित पावनी गंगा के तट पर स्थापित की जायेगी। श्री पाण्डेय ने कम्पनी में और ऑर्गेनिक मिल्क डेरी में गांव के युवाओं को उनकी योग्यतानुसार रोजगार देने हेतु अपने संकल्प को पुनः दोहराया।

### करछना से 1084 महिलाएं पहुंची पीएम कार्यक्रम में

**करछना।** परेड ग्राउंड मैदान प्रयागराज ने महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण सुनने के लिए करछना ब्लाक से कुल 1084 महिलाए पहुची इस दौरान उन्हे आने जाने और खाने की व्यवस्था भी की गई थी।समूह से जुडी महिलाओ को स्वावलंबन बनाने के साथ ही क्षेत्र से जुडी महिलाओ को भी आत्म निर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

### सद्भावना क्रिकेट मैच का हुआ आयोजन

**जंघई।** जरियारवीर बाबा प्रांगण पतवां में आयोजित सद्भावना मैच में पुलिस चौकी जंघई और रस्तीपुर गाँव के बीच सद्भावना मैच खेला गया। टास जीतकर जंघई पुलिस चौकी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवर में 9 विकेट पर 32 रन बनाया जिसमें सर्वाधिक रन टीम के कप्तान चौकी इंचार्ज राजकुमार त्रिवेदी ने 19 रन बबनाया।वहीं जबाब में उतरी रस्तीपुर की टीम निर्धारित ओवर में आल आउट होकर पराजित हो गई।

# फाइनल मैच में बतौर मुख्य अतिथि लहरी भैया ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन


विजेता टीम को ट्राफी प्रदान कर सम्बोधित करते श्यामकांत शुक्ला

**मेजा।** जय बाबा महराज क्रिकेट टूनार्मेंट परानी पुर के फाइनल मुकाबले में सोमवार मिरजापुर एवं प्रयागराज जनपद के लोकप्रिय समाजसेवी श्यामकांत शुक्ला उर्फ लहरी भइया अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने बाबा महराज के दर्शन पूजन का सौभाग्य प्राप्त किया। फिर फाइनल मैच को देखने गए। मंच पर उनका मुख्य अतिथि के रूप में भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करके उनका उत्साह बढ़ाया और लास्ट में स्थानीय निवासी संजय शुक्लाए भाजपा नेता नीरज दूबे और अवधेश मिश्रा के साथ मंच साझा करते हुए खिलाड़ियों को पुरस्कार और ट्रॉफी वितरित किया। लहरी भइया ने अपनी तरफ से हर छक्के पर 51 रुपए का नकद इनाम घोषित किया और फिल्ड के बाहर दर्शकों में अगर कोई छक्का कैच करता है तो उसको भी 51 रुपए का नकद पुरस्कार घोषित किया। फाइनल में पहुंची जोश इलेवन और धीरज इलेवन टीमों में जोश इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। निर्धारित 12५5 ओवरों में उसने 154 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी धीरज इलेवन की टीम 146 रन पर आल आउट हो गई। इस तरह जोश इलेवन ने 8 रन से मैच जीतकर जे बी एम कप अपने नाम कर लिया। विजेता टीम जोश इलेवन को 51000६. रुपए और बड़ी ट्रॉफी प्रदान की गई। उप विजेता टीम धीरज इलेवन को 31000६. रुपए और छोटी ट्रॉफी दी गई। मैन ऑफ द मैच रहे धीरज सिंह को 5000६. रुपए और ट्रॉफी दी गई। आयोजक संतोष यादव ने अच्छी कमेंट्री का परिचय दिया और सभी का स्वागत किया। संजय शुक्ला ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर महिप सिंहए मुन्ना लाल यादवए पवन प्रधान जीए ग्राम प्रधान विकाश शुक्लाए संतोष सिंहए अनिल यादवए भागीरथी यादवए मनोज गोयलए धर्मेन्द्र यादवए सनी द्विवेदीए दीपू मिश्राए मोहित मिश्राए रुद्र तिवारी रमेशए हेमंत तिवारी एम डी आदि गणमान्य लोगो के साथ हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे।



परेड मैदान में रिमोट दबाकर योजनाओं का शुभारंभ करते प्रधानमंत्री



परेड ग्राउंड में मातृशक्ति के महाकुंभ में पहुंची महिलाएं

# मातृशक्ति के महाकुंभ में उमड़ा जनसैलाब, प्रयागराज की भाषा में पीएम मोदी ने लोगों को किया संबोधित

## प्रधानमंत्री से बेटियों ने कहा आप ही हमारे प्रेरणा स्रोत, अब कोई ताकत नए यूपी को अंधेरे में नहीं धकेल सकती

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को प्रयागराज में मातृशक्ति के महाकुंभ कार्यक्रम में शिरकत की। तथा पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत हमेशा की तरह लोगों के अभिवादन और स्थानीय भाषा में किया। वह बोले पिछले वर्ष कुंभ में हम ई पवित्र धरती पर आवा रहे, तब संगम में डुबकी लगाके अलौकिक आनंद आवा रहा। पीएम ने कहा कि प्रयागराज से साहित्य की जो त्रिवेणी बही उसे आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी संपादक भी रहे। हमारी मातृशक्ति की प्रतीक यह तीर्थ नगरी मां गंगा यमुना और सरस्वती की संगम नगरी रही है। ये हमारा सौभाग्य है कि आप महिलाएं हमें आशीर्वाद देने आई है। वही पीएम मोदी ने मंच से बटन दबाकर 202 राजकीय पुष्टाहार प्लांट का उद्घाटन किया तथा लाखों महिलाओं के बैंक अकाउंट में भी पैसे ट्रांसफर किए। पीएम मोदी ने स्वयं सहायता समूह को 1000 करोड़ रुपये की राशि दी। पीएम मोदी ने कहा कि प्रयागराज हजारों सालों से हमारी मातृशक्ति की प्रतीक मां गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम की धरती आज नारी-शक्ति के अद्भुत संगम की साक्षी बन रही है, महिलाओं के कल्याण के बिना समाज का कल्याण संभव नहीं है।




मातृशक्ति के महाकुंभ में संबोधित करते प्रधानमंत्री

### पीएम मोदी ने कहा पूरा देश देख रहा यूपी का विकास

पीएम ने बोला कि प्रदेश में महिलाओं के विकास के लिए जो काम हुआ है वो पूरा देश देख रहा है। आज मुझे मुख्यमंत्री सुमंगला योजना की लाखों महिलाओं के अकाउंट में करोड़ों रुपये ट्रांसफर करने का सौभाग्य मिला। यूपी में बैंक सखी का जो अभियान शुरू हुआ है वो महिलाओं के जीवन में भी बड़े बदलाव ला रहे हैं। सरकार से डीबीटी के जरिए सीधे खाते में आता है। पैसा निकालने बैंक नहीं जाना पड़ता, बैंक सखी की मदद से घर पर ही ये पैसा मिलता है। इस तरह गांव पर ही बैंक आता है। ये कोई छोटा काम नहीं है। यूपी सरकार ने इन बैंक सखियों के ऊपर 75 हजार करोड़ रुपये के लेन-देन की जिम्मेदारी सौंपी है। जितना लेन-देन गांव में होगा उतनी उनकी आमदनी भी होगी। ये अधिकतर वो बहनें हैं जिनके कुछ दिन पहले अपने बैंक खाते भी नहीं थे। अब इनके हाथ में फिजिकल बैंकिंग की शक्ति आ गई है।

### महिलाओं को मिला सरकारी योजनाओं का लाभ

पीएम मोदी ने कहा कि अब तक 2000 करोड़ महिलाओं को 10 हजार करोड़ से अधिक रुपये गर्भावस्था के दौरान दिए जा चुके हैं सैनिटरी पैड को भी हमने गरीब से गरीब बेटियों तक पहुंचाने के लिए हर काम किया। सुकन्या राशि के तहत लाखों अकाउंट खुले हैं ताकि बच्चियों को पढ़ाई में मदद मिल सके। स्वच्छ भारत के तहत करोड़ों शौचालय बनने से, उज्ज्वला योजना से गैस मिलने से, हर घर जल मिलने से भी उनके जीवन में वृद्धि हुई है। सबसे अधिक लाभ महिलाओं को इन योजनाओं का हुआ है। पहले पैसे के अभाव में इनके जीवन पर संकट रहता था अब 5 लाख का इलाज मिलने से उनकी ये चिंता दूर हुई है।

### यूपी में 30 लाख से अधिक घर पीएम आवास योजना के तहत बनाए गए

पीएम मोदी ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत जो घर दिए जा रहे हैं वो प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं के नाम से बन रहे हैं। यूपी में 30 लाख से अधिक घर पीएम आवास योजना के तहत बनाए गए हैं, इनमें से 25 लाख घर महिलाओं के ही नाम हैं।

### कुछ वर्षों में घर का मालिकाना हक महिलाओं के नाम : पीएम

पीएम ने बताया कि अगले कुछ वर्षों में घर का मालिकाना हक महिला के नाम होगा। महिला स्वयं सहायता समूह असल में राष्ट्र सहायता समूह है, जो महिलाओं के लिए बहुत ही लाभदायक है। इसमें 5 सालों में 13 गुना बढ़ोतरी हुई है। शहर हो या गांव महिलाओं के लिए हमारी सरकार हर छोटी बड़ी सुविधा दे रही है। हमने मुफ्त राशन देने की व्यवस्था हमारी सरकार ने की है। खदानों में महिलाओं के काम करने पर जो बंदिश थी हमारी सरकार ने हटाई। रेप जैसे संगीन अपराधों की तेज सुनवाई के लिए 700 फास्ट ट्रैक कोर्ट स्थापित कर चुकी है। तीन तलाक के विरुद्ध कानून हमने बनाया। कुछ दिन पहले ही हमारी सरकार ने बेटियों की शादी की उम्र 21 साल करने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन किसे इससे तकलीफ हो रही है ये सभी देख रहे हैं। पहले यूपी में माफियाराज था, गुंडों की हनक हुआ करती थी, पहले बहन-बेटियों को सड़क पर निकलने में मुश्किल होती थी। आज यूपी में सुरक्षा भी है अधिकार भी है, संभावनाएं भी हैं , यूपी में व्यापार भी है। माताओं-बहनों का आशीर्वाद है तो यूपी को कोई अंधेरे में नहीं धकेल सकता। हमारा यूपी आगे बढ़ेगा आज ये संकल्प लें। इसी के साथ पीएम मोदी ने अपने वाणी को विराम दिया और वंदे मातरम के नारे लगाए।



## 12 घंटे नजरबंद रहीं सपा प्रवक्ता ऋचा सिंह

### घर से बाहर निकलने पर रही रोक, पीएम मोदी के जाने के बाद शाम 4 बजे खत्म हुई नजरबंदी

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता व इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रिचा सिंह को पुलिस ने मंगलवार की सुबह चार बजे ही घर में नजरबंद कर दिया। शाम को चार बजे के आसपास पुलिस का घेरा हटाया गया। करीब 12 घंटे तक घर में कैद रहने वाली डॉ. ऋचा सिंह ने इसे मानवाधिकार का हनन बताते हुए बीजेपी सरकार पर जमकर हमला बोला है।

### अघोषित आपातकाल की तरफ बढ़ रहा यूपी

रिचा सिंह का कहना है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री जब भारत की आध्यात्मिक राजधानी तीर्थराज प्रयाग में पधारते हैं तो अघोषित आपातकाल लग जाता है। नागरिकों के सभी अधिकार मुल्तवी कर दिये जाते हैं। जीवन का अधिकार भी शिथिल कर दिया जाता है।समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. ऋचा सिंह को उनके घर में भारी पुलिस बल द्वारा निरुद्ध कर दिया जाता है। आने-जाने के अधिकार छीन लिए गए। ऐसा लगता है हम कानून के शासन की तरफ तो नहीं, अघोषित आपातकाल की तरफ जरूर बढ़ रहे हैं।

### मोदी पर भी जमकर बरसीं ऋचा

बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ का नारा लगाने वाले और महिलाओं के महा सम्मेलन करने वाले प्रधानमंत्री जी क्या इस बात से अवगत हैं कि 135 साल के इतिहास में पूरब का ऑक्सफोर्ड कहे जाने वाले इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रथम महिला अध्यक्ष उनके प्रयागराज आने की सूचना मात्र से घर में कैद कर दी गई है।सुना है प्रधानमंत्री जी 20 चुनी हुई महिलाओं से बात करना चाहते हैं। क्या 135 साल के इतिहास में पूर्व के ऑक्सफोर्ड की प्रथम चुनी गई महिला अध्यक्ष से बात करना नहीं चाहेंगे '

क्या उन्हीं महिलाओं से बात करना चाहेंगे जो पहले से सिखाई और पढ़ाई गई हैं? स्वतंत्र महिलाओं के विचार जानने का साहस और इच्छा नहीं है उनकी? ऋचा सिंह का कहना है कि जब जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रयागराज आते हैं तो उन्हें घर में नजरबंद कर दिया जाता है। यह लोकतांत्रिक अधिकारों के खिलाफ है। वैसे तो प्रधानमंत्री पूरे देश के प्रधानमंत्री हैं पर वे बार बार जब वे प्रयागराज आते हैं तो यह साबित करते हैं कि वे केवल भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री हैं।

## हाथ बांधकर प्रधानमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे आंदोलनकारियों को किया गया गिरफ्तार



प्रधानमंत्री से मिलने जा रहे छात्रों को रोकती पुलिस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्रसंघ भवन पर छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर चल रहे संयुक्त संघर्ष समिति के नेतृत्त्व में छात्र नेता अजय यादव सम्राट के अगुवाई में छात्रसंघ बहाली के आंदोलन का 518वां दिन भी जारी रहा। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्र संघ बहाली आंदोलन का हाथ बांध कर ज्ञापन देने जा रहे आंदोलनरत छात्रों को गिरफ्तार कर लिया गया। आंदोलनकारियों ने कहा कि हम भारत के प्रधानमंत्री महोदय को अपना ज्ञापन देना चाहते थे। परंतु हम भूल गए कि वो जनतंत्र के प्रधानमंत्री नहीं बल्कि फासीवाद के साथ छात्र प्रतिनिधि हैं। उनके साथ ही कर्फ्यू चलता है। उनके साथ ही अघोषित आपातकाल भी चलता है। कोई बात नहीं बड़े-बड़े आतताईयों का जनता ने जवाब दिया है। प्रधानमंत्री महोदय आपको भी जवाब मिल जाएगा कुछ 2022 में और बाकी 2024 में। इस मौके पर छात्र नेता हरेंद्र यादव, आशुतोष पटेल,उर्फ राहुल पटेल, नवनीत यादव,अभिषेक यादव, मसूद अंसारी, अभिषेक द्विवेदी, मंजीत पटेल, सत्यम कुशवाहा, मो सलमान, आदित्य यादव, सिद्धार्थ सिंह गोलू, सुधीर यादव, अभिषेक सिंह, शिवा केशरवानी, सद्दाम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सरकार के सौतेले व्यवहार से शिक्षक कंगाल-शिक्षा ब्यवस्था बदहाल : ननकेश

**करछना।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ वित्तविहीन (गुट) प्रयागराज के जिलाध्यक्ष ननकेश बाबू ने जनपद के समस्त माध्यमिक सवित्त/वित्तविहीन विद्यालयों के प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से अपनी ताकत एवं एकजुटता का प्रदर्शन करने के लिए सरदार पटेल सेवा संस्थान अलोपी बाग प्रयागराज में पहुंचने का आह्वान किया है। सरकार के सौतेले मापदंडों तथा वित्तविहीन शिक्षक एवं छात्रों के साथ खुले अन्याय पर आक्रोश व्यक्त करते हुए उक्त विद्यालयों के शिक्षकों को कंगाल बना कर उन्हें चौराहे पर खड़ा कर दिया है बैठक में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष अभय राज सिंह, फूलचंद कनौजिया,बुधराम यादव नवीन शुक्ला ,अमर बहादुर यादव,सीता शरण सिंह गोविंद प्रसाद भूतिय, जेपी यादव कमला शंकर यादव दीपचंद, अवधेश श्रीवास्तव सीपी मिश्रा मुलायम यादव रामसूरत चौधरी विरेन्द्र शैलेश शैलेंद्र मौर्य कविता यादव कमल चन्द यादव धर्मेन्द्र कुमार कमला शंकर यादव दीपचंद अखिलेश यादव रमेश पाल महेंद्र द्विवेदी मदन मुरारी प्रेम चन्द यादव रणविजय यादव सीबी यादव मुलायम यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## झलकियां परेड ग्राउंड

### पीएम को सीएम ने ओढ़ाई गीता के श्लोक वाली शॉल



**प्रयागराज।** पीएम को सीएम ने ओढ़ाई गीता के श्लोक वाली शॉल परेड मैदान में सीएम योगी आदित्यनाथ ने पीएम नरेंद्र मोदी को गीता के श्लोक के प्रिंट वाली शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान सीएम ने पीएम को मां दुर्गा की प्रतिमा भेंट की।

### जहां नारी का आदर होता है, वहीं देवता करते हैं वास : केशव प्रसाद मौर्य



**प्रयागराज।** परेड मैदान में आयोजित कार्यक्रम में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जहां नारी का आदर होता है वहीं देवता वास करते हैं। केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार ने मातृशक्ति को जो सम्मान दिया है, वह इससे पहले आज तक कोई भी सरकार नहीं दे सकी। पीएम मोदी के समक्ष अपने संक्षिप्त उद्बोधन में डिप्टी सीएम ने कहा कि मातृशक्ति के सम्मान में डबल इंजन की मोदी और योगी सरकार ने कोई कमी नहीं रखी। केशव ने कहा कि प्रयागराज की धरती में ही कुंभ मेले के दौरान पीएम ने स्वच्छता कर्मियों के पांव पखारे थे। पिछले दिनों काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के लोकार्पण समारोह में भी पीएम ने कॉरिडोर निर्माण में लगे श्रमिकों को सम्मानित किया। उन पर पुष्प वर्षा करने के साथ पीएम ने उनके साथ ही बैठकर भोजन किया। इसके पूर्व पीएम के परेड ग्राउंड में हेलिकॉप्टर से उतरने के बाद केशव मौर्य उनके साथ रहे। इस दौरान परेड मैदान में पीएम की महिला लाभार्थियों से हुई बातचीत में भी केशव मौर्य मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही रहे। पीएम के साथ उन्होंने भी महिलाओं से वार्ता की।

### सुरक्षा व्यवसाथा का व्यापक बंदोबस्त

प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त किया गया है। प्रयागराज एयरोपोर्ट से संगम स्थित परेड ग्राउंड तक अचूक सुरक्षा की गई है। सड़क के दोनों तरफ हर सौ मीटर पर फोर्स की तैनाती की गई है। सड़क के डिवाइडर कट और सड़क से मिलने वाली गलियों के सामने बैरिकेडिंग कर पुलिस का पहरा लगा दिया गया है।

### सांसद और महापौर ने भी किया स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय वायु सेना के विमान से प्रयागराज एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां पर सांसद इलाहाबाद रीता बहुगुणा जोशी, सांसद फूलपुर केशरी देवी पटेल, महापौर प्रयागराज अभिलाषा गुप्ता आदि ने स्वागत किया।

### काले कपड़े वालों पर प्रशासन की रही विशेष नजर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में काले कपड़े पहनकर आने वालों को रोक दिया गया है। काले वस्त्र धारण करने वालों को सभा में जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। इसके चलते कई नाकों पर पुलिस से लोगों की कहासुनी भी हो रही है।

## दुष्कर्म और हत्या का आरोपी फांसी की सजा से बरी, ट्रॉयल कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट ने किया निरस्त

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दुष्कर्म और हत्या के आरोपी को अलग-अलग धाराओं में सुनाई गई फांसी की सजा से बरी कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि अभियोजन अपना पक्ष साबित करने में सफल नहीं रहा। इस वजह से ट्रायल कोर्ट के फैसले को निरस्त करते हुए आरोपी को फांसी की सजा से बरी किया जाता है। यह फैसला न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति समीर जैन की दो जजोंकी खंडपीठ ने नाजिल की याचिका पर सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में विफल रहा है कि मृतक को अंतिम बार अपीलकर्ता के साथ जीवित देखा गया था। याची के खिलाफ कोई चिकित्सकीय साक्ष्य भी नहीं मिले हैं। इकबालिया बयान को छोड़कर पुलिस के पास कोई ऐसा साक्ष्य नहीं है जो घटना को साबित करने में मदद करता हो। कोर्ट ने कोई स्वतंत्र गवाह और घटनास्थल पर आपत्तिजनक साक्ष्य न मिलने से अभियोजन के सभी तर्कों को नजरअंदाज कर दिया।कहा कि अपीलकर्ता बरी होने का हकदार है। याची की अपील स्वीकार की जाती है। मृत्युदंड की पुष्टि के लिए निचली अदालत द्वारा भेजा गया संदर्भ खारिज किया जाता है। याची को उन सभी आरोपों से बरी किया जाता है, जिसके लिए उस पर मुकदमा चलाया गया और उसे दोषी ठहराया गया। सीआरपीसी की धारा 437 (ए) के प्रावधानों के तहत याची को तत्काल जेल से रिहा किया जाए।मामला रामपुर शहर का है। याची पर आरोप है कि उसने छह वर्ष की बच्ची केसाथ दुष्कर्म कर हत्या कर दी। बच्ची का शव कांशीराम कॉलोनी में अर्ध निर्मित घर में पाया गया था। मामले में सुनवाई कर फास्ट ट्रैक कोर्ट ने याची को भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 376 एबी, 302 और पॉक्सो एक्ट की धारा छह के तहत फांसी की सजा सुनाई थी। याची ने फास्ट ट्रैक कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। याची की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नजररूल इस्लाम जाफरी, नसिरा आदिल आदि ने बहस की।

## धान क्रय केंद्रों पर मनमानी को लेकर किसानों का धरना जारी

अखंड भारत संदेश

**कोराव।** कोराव के तराव मंडी समिति में किसानों की धान न क्रय किए जाने बिचौलियों दलालों की खरीददारी होने आदि समस्याओं को ले कर गत 18 दिसंबर से अनवरत अनशन पर बैठे किसान भाई ने सरकार की ढुलमुल नीति किसानों का अहित किए जाने के विरुद्ध किसान आंदोलन रत हैं। अनशन पर खास तौर से राम राज, आयुष पटेल , अनील सिंह हौसला प्रसाद कमलाकांत पांडेय,राजेश सिंह, प्रकाश, अशोक, शैलेद्र आदि पदाधिकारी किसान लोग मौजूद रहे।



मंडी समिति तराव पर अनशन रात किसान यूनियन के लोग

### एनजीबीयू के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ० हिमांशु शेखर सिंह को मातृ शोक

**प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ० हिमांशु शेखर सिंह की मताजी श्रीमती प्रेमलता सिंह का मंगलवार दोपहर को निधन हो गया। काशी विद्यापीठ के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. वासुदेव सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती प्रेमलता सिंह मंगलवार की दोपहर 82 वर्ष की आयु में अंतिम स्वास लिया। श्रीमती सिंह अपने पीछे दो पुत्रियों और दो पुत्रों का भरा-पूरा परिवार छोड़ ग?ई हैं। बड़े बेटे सुधांशु शेखर सिंह बहुराष्ट्रीय कम्पनी में और छोटे पुत्र डॉ. हिमांशु शेखर सिंह नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय प्रयागराज में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। पुत्री डॉ. श्रद्धा सिंह बीएचयू के हिन्दी विभाग में प्रोफेसर हैं और डॉ. भारती सिंह हरदोई में गृहस्थ हैं।

## घर में गलन और बाहर सर्द हवाओं का कहर,पारा लुढ़का, धूप बेअसर

### गर्म कपड़ों की खरीदारी को उमड़ी भीड़, प्रमुख बाजारों में सजीं ऊनी-गर्म कपड़ों की दुकानें

**शंकरगढ़।** पश्चिम से आ रही सर्द हवाओं का शिकंजा कसता जा रहा है। अभी तक सात डिग्री सेल्सियस के आसपास टिका पारा लुढककर पांच डिग्री के करीब पहुंच गया है। बफीर्ली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। रविवार की रात जहां न्यूनतम तापमान 6.7 दर्ज किया गया था,वहीं सोमवार को यह पांच डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में शीतलहर की आशंका जाहिर की है।मंगलवार की सुबह कई इलाकों में कोहरा भी देखने को मिला। हालांकि धूप समय से निकल आई, लेकिन सर्द हवाओं के आगे धूप पूरी तरह से बेअसर दिखी। सर्दी से बचने के लिए लोग घरों से बाहर निकले, लेकिन बाहर भी सर्द हवाओं का कहर जारी रहा। कमरे में पहुंचते ही लोगों को रजाई और कंबल की जरूरत पड? लगी है। मौसम विभाग के मुताबिक दिसंबर के आखिरी सप्ताह और जनवरी के प्रथम सप्ताह में ठंड के बढ? का अनुमान है। हालांकि इस दौरान हल्की-फुल्की बरसात के भी संकेत हैं।

### जगह-जगह अलाव जलवाने की मांग

यमुनापार के नगर पंचायत शंकरगढ़ समेत आस पास के इलाकों में अलाव की कोई व्यवस्था ना होने से वृद्ध,असहाय समेत राहगीर परेशान नजर आए।वहीं रोजमर्रा ड्यूटी करने वाले, व्यवसाय करने वाले लोग पूरी तरह से गर्म कपड़े में लिपटे नजर आए। रास्ते में पडने.वाली चाय की दुकानों पर भी लोग हाथ गर्म करते रहे। इसके अलावा अलग-अलग स्थानों पर समाजसेवियों ने अलाव जलवाने की मांग की है।

## करछना में गुणवत्ता विहीन हो रहा नाले का निर्माण

**करछना।** इन दिनो सडक चौडीकरण का कार्य करछना कोहडार मार्ग पर चल रहा है जिसके चलते करछना बाजार मे पटरियो के बगल बानाये जा रहे नाले मे खुलेआम गुणवत्ता की धज्जिया उडाई जा रही है जिसे लेकर स्थानीय लोगो मे गहरी नाराजगी व्याप्त है।जगह जगह मानक के विपरीत नाले का निर्माण किया जा रहा है। मानक के विपरीत गिट्टी बालू सिमेन्ट का प्रयोग किया जा रहा है वही जल निकासी सही ढग से स्लोब भी नही बनाया जा रहा है । जिससे नाले मे जल जमाव होने से बाजार मे दुर्गध और बीमारिया फैलने का अंदेशा है। साथ ही बरसात के पानी की निकासी के लिए नाले मे कोई व्यवस्था नही की जा रही है।

# रामपुरखास में योजनाबद्ध विकास का जारी रहेगी श्रृंखला : प्रमोद तिवारी

## विधायक मोना ने सौंपी करोड़ों की सड़क व पेयजल योजनाओं की सौगात

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने मंगलवार को सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी के साथ क्षेत्र मे सड़क तथा पेयजल योजना समेत कई सौगाते सौंपी। एक मुश्त पांच किलोमीटर सड़क चैडीकरण की सौगात पाकर ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी झलक उठी।

विधायक आराधना मिश्रा मोना ने पीएमजीएसवाई योजना के तहत लालगंज-बाबूगंज हाइवे के राइसमिल के सामने से भदारी कला, पूरे नोती, धर्मराज तुलई, मांदीपुर, पूरे नंदन, कलंदर मार्ग के चैडीकरण की योजना का समारोहपूर्वक भूमिपूजन किया। पांच किलोमीटर बनने वाले इस ग्रामीण हाइवे के निर्माण के लिए विधायक मोना के प्रस्ताव पर शासन द्वारा तीन करोड उन्तीस लाख बत्तीस हजार रुपए की धनराशि अवमुक्त हुई है। वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने लालूपुर पेयजल योजना के तहत दो करोड़ इक्यान्वे लाख की लागत से पचहत्तर हजार लीटर क्षमता की पीने के पानी की टंकी का पाइप लाइन समेत भूमिपूजन किया। विधायक मोना तथा प्रमोद तिवारी ने लौहपुरूष सरदार पटेल तथा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की स्मृति मे भी निजी तौर पर भी आर्थिक पैकेज का ऐलान किया। पूरे नोती गांव मे हुई विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए बतौर मुख्यअतिथि सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने कहा कि इस सड़क परियोजना से अब लालगंज ब्लाक के सीमावर्ती क्षेत्र के मध्य जोन को आवागमन का सुलभ संसाधन विकास का बहुउददेशीय श्रोत उत्पन्न करेगा। संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। प्रारम्भ मे ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज व प्रधान वीरेन्द्र वर्मा ने क्षेत्रीय विकास की प्रगति पर प्रकाश डाला। जनसभा का संयोजन केडी मिश्र, संतोष तिवारी व रामलखन तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। अवधेश सिंह तथा रामराज वर्मा व जीतलाल वर्मा तथा श्रीराम वर्मा के संयोजन मे क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना को ग्रामीणों की ओर से सम्मानित किया गया। आभार प्रदर्शन प्रधान मो. जावेद ने किया।



सड़क परियोजना की आधारशिला रखती विधायक मोना व सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी

# एडीजे कोर्ट लालगंज जाने को लेकर वकीलों ने की जबरदस्त हड़ताल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति राजेश बिन्दल द्वारा गत दिनों प्रतापगढ़ व लालगंज के आगमन पर कहा गया था कि लालगंज में एक एडीजे और बैठेंगे। बता दें कि एक सिविल जज वहां पहले से बैठ रहे थे, अब वहां एक और एडीजे और बैठेंगे, उनके लिये चेम्बर बनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जब यहां चेम्बर बन जाए, तभी एडीजे लालगंज जाएंगे। मुख्य न्यायामूर्ति का यह मानना है कि अब तहसीलों के मुकदमे तहसील में ही सुने जाएं, इसीलिये लालगंज में एडीजे की तैनाती की जाएगी। अब लालगंज तहसील के मुकदमे जिला मुख्यालय नहीं आएंगे, इसके विरोध में जिले के सभी अधिवक्ता संगठन व बार एसोसिएशन हड़ताल पर चले गये हैं। सोमवार को भी हड़ताल थी और आज मंगलवार को भी हड़ताल रही। अधिवक्ताओं का कहना है कि प्रतापगढ़ में ही अदालतें जिला मुख्यालय से हटाई जा रही हैं जबकि मुख्या न्यायमूर्ति ने यह स्पष्ट किया था कि अब हर जिले में यही प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

### निराश लौटे वादकारी, नहीं हुआ कोई कार्य


मांगों को लेकर नारेबाजी करते अधिवक्तागण

अधिवक्ताओं के हड़ताल पर चले जाने से आज अदालतों में कार्य नहीं हुआ। वादकारी निराश लौटे। अधिवक्ताओं का यह भी आरोप है कि नकल सवाल की फीस दस रुपये के स्थान पर अब सौ रुपये हो गई है, इसे भी वापस लेने की सर्वसम्मति से मांग की गई।

# दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के चैहान बस्ती मोड़ के पास से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 437/21 धारा 457, 380 भादवि से सम्बन्धित एक अभियुक्त राहुल पुत्र भगवान सिंह नि0 चैहान बस्ती, रखहा थाना कन्धई को गिरफ्तार किया गया तथा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी की एक अदद समरसेबल पम्प व 08 अदद पाइप बरामद किया गया। हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थानाक्षेत्र के गाजी का बाग तिराहे के पास से थाना स्थानीय पर पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त आजाद उर्फ शेर अली पुत्र मो0 रईस उर्फ अब्दुल हक नि0 रामनगर थाना रानीगंज को गिरफ्तार किया गया।

# डॉ जेपी वर्मा ने दिया रक्तदान संस्थान को दिया ग्यारह हजार का चेक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** डॉ. सोनेलाल पटेल राजकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय प्रतापगढ़ के प्रोफेसर डॉ. जे.पी. वर्मा द्वारा रक्तदान संस्थान के अध्यक्ष निर्मल पांडेय को 11 हजार का चेक संस्थाध्यक्ष को प्रदान किया गया। संस्था अध्यक्ष ने डॉ. जे.पी. वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान के उत्तरोत्तर प्रगति में आप जैसे सहयोगियों का प्रमुख योगदान है।

इसी क्रम में रक्तदान संस्थान के अध्यक्ष निर्मल पांडेय द्वारा कुल तीन यूनिट रक्त दो अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती मरीजों को संस्थान का डोनर कार्ड देकर निःशुल्क प्रदान करवाया गया।

### रक्तदान संस्थान ने दिया जरूरतमंद को दो यूनिट रक्त


रक्तदान संस्थान के अध्यक्ष निर्मल पाण्डेय को चेक देते डा0 जेपी वर्मा

संस्थान के प्रमुख सहयोगी अनूप सिंह की सूचना पर प्राइवेट हास्पिटल में भर्ती मरीज कृष्ण प्रताप सिंह (75) वर्ष निवासी दहिलामऊ प्रतापगढ़ जिनके कूल्हे के ऑपरेशन हेतु ब्लड की कमी के चलते डोनर के अभाव में संस्थान द्वारा दो यूनिट रक्त राजकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय प्रतापगढ़ के रक्तकोष द्वारा प्रदान करवाया गया। परिजनों ने संस्थाध्यक्ष व संस्थान के कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में संस्थान के प्रमुख सहयोगी सर्वेश मिश्रा की सूचना पर रूमा हॉस्पिटल प्रतापगढ़ में भर्ती मरीज दिनेश कुमार उम्र (35) वर्ष निवासी भवानी का पुरवा महेशगंज प्रतापगढ़ जो एनीमिक है उनके उपचार हेतु एक यूनिट ए पॉजिटिव रक्त राजकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय प्रतापगढ़ के रक्त कोष द्वारा निःशुल्क प्रदान करवाया गया। परिजनों ने संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया। आज के इस मौके पर निर्मल पांडेय, डॉ. जे.पी. वर्मा, तुषार खंडेलवाल, आर.डी.पांडेय, प्रेम प्रकाश मिश्रा, कुसुम लता गुप्ता, पवन नंदन भट्ट, रंजीत शर्मा, अजय यादव, शिवपूजन द्विवेदी, अरविंद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# ससुराल गये युवक की हुई मौत

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के लोसनापुर गांव निवासी दिलीप कुमार गौतम (30) वर्ष पुत्र पारसनाथ घर पर ही रहता था। लगभग छह वर्षों से बीमार चल रहा था। बीते 15 दिसंबर को अपनी पत्नी सोनी देवी के साथ दिलीप कुमार अपनी ससुराल मंसूराबाद प्रयागराज जाकर वही इलाज करा रहा था। आज सुबह आठ बजे के करीब दिलीप कुमार की मौत हो गई। मृतक के ससुर जंगी लाल एवं मृतक की पत्नी सोनी देवी बोलेरो से सीधे शव को लेकर लोसनापुर गांव आए जहां देखते ही दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। यह देख पत्नी सोनीदेवी व ससुर जंगीलाल शव को छोड़कर भाग निकले। मृतक के पिता पारसनाथ की सूचना पर मौके पर पहुंचे एसआई सतीश यादव ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। एसओ अखिलेश कुमार का कहना है कि पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, सारी स्थिति साफ हो जाएगी। मृतक के भाई राहुल, बहन शोभा, सीमा, आशा का रो रो कर बुरा हाल है। चार वर्षीय बेटी सुनैना का रो रो कर बुरा हाल है।

# पहली बार दिसम्बर माह में हुई सीबीएसई परीक्षा आज हुई समाप्त

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले में पहली बार दिसम्बर माह में हुई सीबीएसई की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाएं आज समाप्त हो गई। सीबीएसई ने जिले में दस परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे जहां हाईस्कूल की परीक्षा 25 नवम्बर से 11 दिसम्बर तक चली और इंटर की परीक्षा तीन दिसम्बर से शुरू होकर 21 दिसम्बर को समाप्त हुई। इन्हीं दस परीक्षा केन्द्रों में स्कूलों के परीक्षार्थी एक दूसरे के स्कूलों में स्थानांतरित हुए थे। सीबीएसई ने अलग-अलग विषयों में अलग-अलग परीक्षा के पयर्वेक्षक तैनात किये थे। इस तरह हर परीक्षा केन्द्र पर रोज एक पर्यवेक्षक की निगरानी में केन्द्र व्यवस्थापकों ने परीक्षा कराई।

न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के केन्द्र व्यवस्थापक वीके सोनी ने बताया कि इस परीक्षा केन्द्र पर हाईस्कूल में 358 छात्र पंजीकृत थे जिनमें पांच अनुपस्थित रहे। 353 परीक्षार्थियों ने हाईस्कूल की परीक्षा दी जबकि इंटर में 264 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें छह परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। 258 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जिनकी परीक्षा आज समाप्त हुई। स्कूल की प्रबंधिका डा0 शाहिदा ने बताया कि न्यू एंजिल्स में डाल्फिन इंटर कालेज तथा सेंट जेवियर्स पट्टी के छात्र परीक्षा देने आए थे जबकि न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल के हाईस्कूल व इंटर के छात्र संगम इंटरनेशनल स्कूल में परीक्षा देने गये थे। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षार्थियों की परीक्षा केन्द्र में घुसने से पहले गेट पर तलाशी ली गई, जिसके कारण एक भी परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए नहीं पकड़ा गया।

### हाईस्कूल की परीक्षा 11 दिसम्बर को ही समाप्त हो गई थी


अंतिम दिन परीक्षा केन्द्र न्यू एंजिल्स से परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी

# राजमार्ग पर जानलेवा गड्ढे दे रहे मौत को दावत

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री के कड़े निर्देश के बाबजूद भी लोक निर्माण विभाग आलापुर लालगंज मार्ग की सड़क पर कदम कदम पर बने जानलेवा गड्ढे की मरम्मत नहीं करवा रहा है। सड़क की मरम्मत न होने से खुलेआम दुर्घटना को दावत दे रहे हैं, जब कि प्रदेश के मुख्यमंत्री का सख्त निर्देश है कि सड़कों पर बने गड्ढे को लोकनिर्माण विभाग जल्द गड्ढामुक्त करे अन्यथा कारवाई के लिए तैयार रहे। जब कि बाबागंज विधान सभा व रामपुर खास व कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र में उक्त सड़क आती है, फिर भी अभी तक गड्ढामुक्त नहीं हो सकी। आलापुर से रेवली, लाला का बाजार, पनिगौ, खनवारी, संग्रामगढ़, रामपुर खास, लालगंज तक कि सड़क पर कदम कदम पर जानलेवा गड्ढे हो गए है। जब कि उक्त सड़क रामपुर खास विधायक मोना का निर्वाचन क्षेत्र है। आलापुर से लालगंज तक आये दिन बाइक सवार सड़क पर असंतुलित होकर गिरकर घायल हो रहे हैं। ऐसा नहीं है उक्त सड़क पर से विभाग के अधिशाषी अभियंता व जेई दोनों सड़क पर से न गुजरते हों, फिर भी उनका ध्यान इस जानलेवा सड़क की तरफ नहीं गया लगता है। उनको किसी बड़ी दुर्घटना होने का इंतजार है। स्थानीय लोगों ने अधिशाषी अभियंता का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

# विश्वनाथगंज विधायक ने हाईमास्ट लाईट का किया भूमिपूजन

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** विश्वनाथगंज विधायक डा. आर. के. वर्मा ने लक्ष्मणपुर विकास खण्ड के अम्बेडकर पार्क नारायणपुर, पूरनपुर खास, दूधनाथ धाम पूरनपुर खजूर, चमरूपुर शुक्लान, शमसेरगंज बाजार में विधायक निधि से हाईमास्ट लाईट का भूमिपूजन किया भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डा. आर. के. वर्मा ने कहा क्षेत्र का विकास ही मेरी राजनीति का मुख्य उद्देश्य है। समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति तक विकास कार्य पहुँचाना, उनके सुरक्षा, सम्मान की रक्षा ही मेरा एकमात्र उद्देश्य है। कार्यक्रम में शैलेष कुमार नारायनपुर प्रधान, फूलचंद्र सरोज पूरनपुर खास प्रधान, हरिशंकर सरोज पूरनपुर खजूर प्रधान, राजा मौर्य चमरूपुर प्रधान, सुभाष जायसवाल प्रधान सिंधौर, शीतला प्रसाद सरोज पूर्व प्रमुख, अमृतलाल सरोज आदि उपस्थित रहे।


सभा को सम्बोधित करते विधायक डा0 आरके वर्मा

# उप निर्वाचन मे गीता देवी पेडरिया की प्रधान हुई निर्वाचित

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर विकासखण्ड के पेडरिया गांव मे प्रधान पद के उपचुनाव मे मंगलवार को हुए मतगणना मे गीता को जीत हासिल हुई है। एसडीएम की मौजूदगी मे निष्पक्ष मतगणना के चलते टाई मे गीता देवी को प्रधान पद की जीत का सेहरा हासिल हो सका। बीती बारह दिसंबर को प्रधान पद के लिए हुए उपचुनाव मे उन्नींस सौ इक्कीस मतदाताओं मे से तेरह सौ पचास मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मंगलवार को सांगीपुर ब्लाक मुख्यालय पर पुलिस व पीएसी की मौजूदगी मे मतगणना प्रारम्भ करायी गयी। एसडीएम ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह की देखरेख मे हुई मतगणना मे अन्ततः निर्वाचित गीता देवी व रवि गौतम को छः सौ इक्यावन, छः सौ इक्यावन बराबर मत मिले। इस पर आरओ अश्विनी कुमार सिंह ने नियम के तहत दोनों प्रत्याशियों की मौजूदगी मे उनके नाम लिखकर एक बाक्स मे डाले। एक युवक द्वारा बाक्स से निकली पर्ची मे गीता देवी पत्नी रामहरि का भाग्य चमक उठा। इसके तहत निर्वाचन अधिकारी ने नियमानुसार एक मत से गीता देवी को प्रधान निर्वाचित होने की घोषणा की। गीता के निर्वाचन की घोषणा होते ही समर्थकों मे खुशी छा गयी। इसके पहले रवि गौतम एक बार प्रतिद्वंदी गीता से मात्र दो मतों से आगे हुए इस पर गीता के अभिकर्ता यशवंत यादव ने पुनः मतगणना कराये जाने की लिखित आपत्ति प्रस्तुत की। एसडीएम ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह ने आपत्ति स्वीकार करते हुए पुर्नमतगणना वीडियो कैमरे की निगरानी मे कराई। यहां प्रधान पद पर जीते निर्वाचित प्रधान गीता के पति की आकस्मिक मृत्यु के चलते पुर्नमतदान कराया गया था। मतगणनास्थल पर एसओ सांगीपुर जीतेन्द्र सिंह व एसओ उदयपुर एहसानुलहक के साथ पीएसी व पुलिस का भारी बंदोबस्त नजर आया। मतगणना को लेकर एसडीएम की सख्ती और उनके निष्पक्ष निर्णय की भी लोगों के बीच सराहना दिखी।

### टाई से मिली जीत पर समर्थकों मे खुशी

# सनातन धर्म की रक्षा के लिये पदचिन्हों का करें अनुसरण

## सर्वोदय भवन में हुआ सद्भावना दिवस कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सर्वोदय सद्भावना संस्थान द्वारा धमार्चार्य ओम प्रकाश पांडे अनिरुद्ध रामानुज दास के नेतृत्व में सर्वोदय भवन पल्टन बाजार सद्भवना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें साहित्यकार, बुद्धिजीवी, राजनेता, डॉक्टर, शिक्षक एवं आचार्य गण उपस्थित रहे।

प्रातः काल पंडित राम सजीवन बिलौरा के नेतृत्व में सुंदरकांड का पाठ आचार्य आलोक द्वारा संपन्न कराया गया। कवि गोष्ठी का भी कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजकुमार पाल मौजूद रहे।

इस दौरान विधायक ने कहा कि धमार्चार्य ओम प्रकाश पांडे द्वारा समय-समय पर लोगों को सनातन धर्म के विषय में जानकारियां प्रदान की जाती हैं और सनातन धर्म की रक्षा के लिए सदा रामानुज स्वामी के बताए रास्ते पर चलकर अपने गुरुदेव परम पूज्य श्री श्री 1008 स्वामी श्री इंदिरा रमणाचार्य चार्य के पद चिन्हों का अनुसरण करते हैं। कार्यक्रम में पंडित राम सेवक त्रिपाठी एडवोकेट लोकतंत्र रक्षक सेनानी गणेश नारायण मिश्रा एडवोकेट डॉ प्रशांत शुक्ला प्रबंधक संतोष दुबे पूर्व सभासद नारायणी रामानुज दासी संगम लाल त्रिपाठी भवर डॉ श्याम शंकर शुक्ल श्याम सुरेश कुमार संभव गंगा प्रसाद पांडे भावुक ओम प्रकाश श्रीवास्तव पंछी जी चिंतामणि पांडे एडवोकेट अरुण कुमार मिश्रा अनिल मिश्रा प्रभात पांडे विशाल नाथ त्रिपाठी प्रदीप शुक्ला एडवोकेट अध्यक्ष परशुराम सेना सुरेश पांडे नेताजी बाबू गिरधारी सिंह डब्बू सिंह देश सेवक सुरेश नारायण दूबे ब्योम, प्रेम कुमार त्रिपाठी प्रेम रामपाल सिंह एडवोकेट, देवेंद्र ओझा एडवोकेट, रमेश पांडे एडवोकेट राम सिंहासन मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत पर ब्लाक प्रमुख ने वितरित किया राशन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** विकासखंड पट्टी के सुखउ दुबौली गांव में ग्रामीणों ने कोटेदार पर राशन वितरण करने में अनियमितता और लापरवाही का आरोप लगाया था। यह बात जब विकासखंड पट्टी के ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार उर्फ पप्पू सिंह को पता चली तो गांव पहुंचकर ग्रामीणों के साथ सभी को राशन वितरित कराया और किसी भी समस्या से निपटने की बात कही उन्होंने कहा कि सरकार की आकांक्षा है कि हर व्यक्ति तक राशन पहुंचे कोई व्यक्ति भूखा ना रहे इसके लिए हर जनप्रतिनिधि का कार्य है कि वह लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत होकर कार्य करें इसी विकास खंड पट्टी के सुखउ दुबौली में 25 अंत्योदय कार्ड धारकों सहित अन्य लोगों को निशुल्क राशन वितरित किए गए।

# एमडीपीजी में कबड्डी टीम का चयन ट्रायल आज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में बुधवार को प्रो राजेंद्र सिंह रज्जू भैय्या विश्वविद्यालय की महिला एवं पुरुष कबड्डी टीम के चयन हेतु ट्रायल होगा। इसके लिए प्रयागराज मंडल के चारों जिलों के विभिन्न महाविद्यालयों से लगभग 20 टीमें प्रतियोगिता में शामिल होंगी, जिनमें से वेस्ट खिलाड़ियों का चयन कर विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी एवं पुरुष कबड्डी की टीमें तैयार होंगी। इस प्रतियोगिता के लिए प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के नेतृत्व में आज क्रीड़ा समिति की बैठक आहूत हुई जिसमें कोर्ट, ग्राउंड एवं व्यवस्था की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में समिति के अन्य सदस्यों के अलावा क्रीड़ा प्रभारी डॉ प्रदीप कुमार सिंह एवं जन सूचना अधिकारी डॉ छवि नारायण पांडे भी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद जांच में आई तेजी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी तथा आनंद मोहन ओझा की शिकायत पर अवैध ढंग से चल रहे एक दवाखाना के विरुद्ध जांच में तेजी आई है। बताया जाता है कि उक्त दवाखाना के विरुद्ध सीएमओ ने 2019 में कोतवाली नगर में प्राथमिकी दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस की जांच में ढिलाई को देखते हुए श्री ओझा ने मुख्यमंत्री को पोर्टल पर शिकायत भेजी जिसके बाद मुख्यमंत्री के यहां से जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को प्रकरण की जांच करने का आदेश हुआ। डीएम-एसपी के पत्र पर अब पुलिस सक्रिय हुई है।

## खबर संक्षेप

### झंडा लगाओ अभियान में सपा नेता शामिल

**करारी कौशाम्बी।** सपाइयों का झंडा लगाओ अभियान मंझनपुर तहसील क्षेत्र में शिवा यादव के नेतृत्व में चल रहा है झंडा लगाओ अभियान में सपाइयों ने मंझनपुर क्षेत्र के प्रमुख चौराहे पर पार्टी का झंडा लगाया सपा का झंडा लगाओ अभियान के चौथे दिन सपा नेता शिवा यादव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने बदलेपुर अषाढा निमतापुर,आदि स्थानों पर पार्टी का झंडा लगाया शिवा यादव ने कहा कि हर गली व चौराहे पर सपा का झंडा दिख रहा है यह किसी का डर नहीं है लोगों के मन में सफल हैं जो झंडे के रूप में अपना समर्थन दे रहे हैं आने वाले दिनों में लोग फिर से इतिहास लिखेंगे इस मौके पर बदलेपुर के ग्राम प्रधान सुघर सिंह यादव, गंभीर यादव, पूर्व प्रधान नागेश यादव शुभम, सूरज सिंह, उमेश अनिल सरोज, अरविंद दिवाकर शुभम, पंकज,साहिल कुरैशी आदि लोग मजूद रहे।

## प्रभु हनुमान जी के चरणों में माथा टेककर उप मुख्यमंत्री ने लिया आशीर्वाद

अखंड भारत संदेश

### डिप्टी सीएम ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 300 से अधिक सीटों पर जीत का परचम फहराएगी

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम से वापस सिराथू लौट रहे थे जैसे ही डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का काफिला कशिया पश्चिम स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के पास पहुंचा उन्होंने अपने काफिले को रोक दिया और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य हनुमान मंदिर पहुंचे और प्रभु हनुमान जी के चरणों में माथा टेककर उन्होंने प्रदेश जनता के कल्याण की कामना ईश्वर से की इस मौके पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 300 से अधिक सीटों पर जीत का परचम फहराएगी उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार में आम जनता अपराध मुक्त भयमुक्त वातावरण में जीवन जी रही है उन्होंने कहा कि योगी मोदी की सरकार में चारों ओर विकास हुए हैं इस मौके पर चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता सिराथू विधायक शीतला प्रसाद पटेल मंझनपुर विधायक लाल बहादुर सहित सैकड़ों भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



प्रभु हनुमान जी के दर्शन कर वापस लौटते डिप्टी सीएम

### कांग्रेसी नेता पर प्राण घातक हमले का प्रयास

**कौशाम्बी।** कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार उर्फ पप्पू मिश्रा के ऊपर सोमवार की शाम 7:00 बजे जानलेवा हमला का प्रयास किया गया है मामले की सूचना स्थानीय चौकी पुलिस को कांग्रेस नेता ने दी है सोमवार की शाम कांग्रेस नेता आशीष कुमार उर्फ पप्पू मिश्रा मंझनपुर से अपने आवास भरसवा बाइक से जा रहे थे घर जाते समय रास्ते मे आशीष कुमार पप्पू मिश्रा पर पीछे से उमरा नहर के आगे बीच सड़क में कार से टक्कर मार कर उन्हें लहूलुहान करने का प्रयास किया गया है कार की टक्कर से वह सड़क पर गिर पड़े हैं हमले में आशीष कुमार मिश्रा बच गए हैं टक्कर मारने के बाद चालक वहीं से कार बैक कर पुनः मंझनपुर की तरफ गाड़ी तेजी में ले कर भागने लगा जिसका पीछा जिला उपाध्यक्ष के साथ कई लोगो ने किया पीछा करने के बाद भी गाड़ी तेजी में नारा की तरफ चली गई है कांग्रेस नेता ने घटना के तुरंत बाद मामले की सूचना 100 डायल पुलिस को दी है उन्होंने कहा कि जानलेवा हमला करना साजिश के तहत है टेवा चौकी इंचार्ज को लिखित शिकायत दी है जांच बैठा कर जांच करवाते हुए निष्पक्ष कार्रवाई की भी मांग की गयी है उन्होंने कहा कि दोषी न फंसे और इस हरकत को जिसने अंजाम दिया है उन पर मुकदमा पंजीकृत हो और उनको सजा मिले जिससे भविष्य में किसी भी व्यक्ति के साथ इस तरह की हरकत ना हो।

## न्यूज झरोखा

### स्कूली बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन



**कौशांबी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद काशी प्रांत रिचा पांडेय ने स्कूली बच्चों के साथ अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाया है जन्म दिन के उपलक्ष्य में प्राथमिक विद्यालय अझुवा के सभी बच्चों को पेंसिल टाफियाँ वितरित करते हुए उन्होंने अपना जन्मदिन मनाया रिचा पांडेय के जन्मदिन के इस खुशी में प्रधानाचार्य शिक्षक एवं अझुवा पुलिस चौकी के चौकी इंचार्ज विजेंद्र सिंह कांस्टेबल मोहित यादव आरती निर्मल शनि अग्रहरी जयकिशन अंकित विश्वकर्मा सहित तमाम लोग शामिल रहे जिनका उन्होंने आभार व्यक्त किया है इस मौके पर उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा करना हमारा परम धर्म है इसलिए खुशियां बांटते रहें।

### अधेड़ की मिली लाश नही हो सकी शिनाख्त

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के जीटी रोड धर्म कांटा कोखराज के बगल में एक विक्षिप्त व्यक्ति की ठंड लगने से मौत हो गयी जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी काफी दिनों से एक विक्षिप्त व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 40 वर्ष धर्म कांटा के बगल में पुराने सड़े गले कतरी कपड़ों में अपना जीवन यापन करता था जिसकी ठंड लगने से बीती रात को मौत की वजह बताई जा रही हैं।वह अपना जीवन कटे फटे कपड़ों में काट रहा था बताया जाता है कि विगत दिनों से चल शीतलहर के कारण ठंड लगने से विक्षिप्त व्यक्ति की मौत हो गयी कोखराज पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पंचनामा कर अज्ञात विक्षिप्त के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### आधा दर्जन लोगों ने युवती पर किया हमला

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के ओसा गांव में आधा दर्जन लोगों ने एक युवती पर हमला कर दिया है जिससे युवती को गम्भीर चोटें आई हैं घायल अवस्था में युवती को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनाक्रम के मुताबिक ममता देवी पुत्री अर्जुन प्रसाद निवासी ओसा कोतवाली मंझनपुर घर के बाहर भैंस बांध रही थी इसी बात को लेकर हुए विवाद में चंदा सोनकर पुत्र कन्हाई नन्नू सोनकर पुत्र गुलाब पूजा कविता अंजू पुत्री चंदा सोनकर दीपक गोविंद पुत्र चंदा सोनकर ने एकत्रित होकर युवती ममता पर हमला बोल दिया है बेरहमी से युवती को लाठी डंडे से पीटा गया है जिससे युवती गम्भीर घायल हो गयी है मारपीट में घायल युवती को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है मारपीट के मामले की तहरीर अभी थाने में नहीं दी गई है।

### श्रम सम्मान योजना में नहीं मिला उपकरण

**कौशांबी।** जिला उद्योग केंद्र के जरिए विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का प्रशिक्षण बेरोजगारों को विभाग ने कराया था विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का प्रशिक्षण कराए जाने के बाद बेरोजगारों को प्रशिक्षण शुल्क एक हजार पांच सौ रुपये और प्रशिक्षण उपकरण किट आदि दिए जाने का नियम है लेकिन प्रशिक्षण को 3 महीने बीत जाने के बाद भी जिला उद्योग केंद्र द्वारा बराबर हीलाहवाली की जा रही है जिस पर बेरोजगार अखिलेश कुमार शर्मा वा बसंत लाल शर्मा पुत्रगण जगतपाल शर्मा निवासी अफजलपुर वारी तहसील सिराथू ने डिप्टी सीएम के पुत्र योगेश मौर्या की जनसुनवाई में शिकायत कर विभाग से उपकरण प्रशिक्षण शुल्क प्रमाण पत्र आदि दिलाए जाने की मांग की जिस पर डिप्टी सीएम के पुत्र ने जिलाधिकारी कौशांबी को मामले को निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है।

## व्यक्ति के जीवन को तनाव मुक्त एवं दीर्घायु बनाता है खेल : प्राचार्य

अखंड भारत संदेश

### सहायक शिक्षा निदेशक ने कहा कि प्रतियोगिता के इस युग में कड़ी मेहनत तथा परिश्रम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में आठवें दिन दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ0 सत्येंद्र कुमार सिंह ,पूर्व प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हमीरपुर एवं पूर्व सहायक शिक्षा निदेशक, उच्च शिक्षा शिक्षा निदेशालय उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा किया गया। दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह की अध्यक्षता डॉ0 विनय कुमार सिंह प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय द्वारा की गई इस दौरान मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ0 विनय कुमार सिंह प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशांबी द्वारा बुके एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का वैद्य लगाकर स्वागत किया गया साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण एवं मार्च पास्ट की सलामी ली गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने समारोह के उद्घाटन के दौरान कहा कि बिना परिश्रम के कुछ प्राप्त नहीं होता है इस प्रतियोगिता के युग में कड़ी मेहनत तथा परिश्रम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। परिश्रम ही सफलता की कुंजी है उन्होंने ऐसे छात्र और छात्राओं को बधाई दी जो इस दो दिवसीय वार्षिक प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ विनय कुमार सिंह ने कहा कि खेल की भावना से ही व्यक्ति में शारीरिक मानसिक कुशलता में वृद्धि होती है खेल व्यक्ति के जीवन को तनाव मुक्त एवं दीघायु बनाता है उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए महामाया राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य विनय कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय खेलों का इतिहास प्राचीन काल से रहा है।इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ0 अरविंद कुमार डॉ0 अजय कुमार ,डॉ0 नीलम बाजपेई, डॉ0 भावना केसरवानी ,डॉ0 रीता दयाल, डॉ0 तरित अग्रवाल ,डॉ0 पवन कुमार,डॉ0 नीरज कुमार ,डॉ0 रमेश चंद्र, डॉ0 अमित शुक्ल ,डॉ0 संतोष कुमार अजय कुमार मानवेंद्र सिंह साहनी आदि उपस्थित रहे। क्रीडा प्रभारी द्वारा मुख्य अतिथि एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य एवं अन्य सभी का आभार ज्ञापन किया गया।




कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सहायक शिक्षा निदेशक प्राचार्य व अन्य

## शक्ति विधान ने महिलाओं की आवाज को किया है बुलंद : राघवेंद्र सिंह

### महिलाओं ने रैली निकालकर बुलंद की लड़की हूं लड़ सकती हूं की आवाज



**कौशाम्बी।** शक्ति विधान के जरिए उत्तर प्रदेश में महिलाओं को देश की आधी आबादी को उनका हक दिलाने का रास्ता बहन प्रियंका गांधी जी ने दिया है, जो महिलाओं के अधिकारों को उन्हें दिलाने के लिए काम करेगा। पहली बार भारत में किसी भी राजनीतिक दल ने अलग से महिलाओं के लिए घोषणा पत्र जारी किया है। जिससे महिलाओं के अधिकारों को संरक्षित किया जा सके। उक्त बातें पार्टी के प्रदेश महासचिव राघवेंद्र सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कहा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव रामकिशन पटेल रहे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अरुण विद्यार्थी ने किया। इस मौके पर बोलते हुए उन्होंने कहा है की पूर्ववर्ती सरकारों ने महिलाओं के अधिकारों पर डाका डालने का काम किया है। जिसके चलते उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण का जो पूरा अभियान पूरे भारत में चला उसका पूरा असर उत्तर प्रदेश को नहीं मिला। आज प्रदेश में पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी जी ने शक्ति विधान महिलाओं के लिए घोषणा पत्र जारी कर उन्हें मजबूत करने का काम किया है। जिससे आधी आबादी को समाज में उनका आधा हक दिलाया जा सके। इस मौके पर बोलते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिस तरीके से सैकड़ों की संख्या में हजारों की संख्या में महिलाओं ने इस कार्यक्रम में शिरकत किया। उसे से यह साबित होता है कि उत्तर प्रदेश में महिला अपने हक के लिए लड़ाई लड़ने को आगे आ रही है। इस मौके पर प्रमुख रूप से राम सजीवन निर्मल, वेद प्रकाश पाण्डेय, मिसबाहउल ऐन, देवेश, तमजिद अहमद, जितेंद्र शर्मा, वीरेंद्र कोरी, अमित द्विवेदी, रजनीश पांडे, भारत गौतम, इजहार अब्बास, नितेश निर्मल, बरसाती लाल पंडा, छितनी दिवाकर, संतोष शुक्ला, सरफराज आलम, असगर मदनी सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

## भाजपा के बढ़ते जनाधार के बीच सपा-बसपा कैसे बचाएंगे वजूद

अखंड्ड भारत संदेश

### चायल विधानसभा क्षेत्र की आम जनमानस विधायक संजय गुप्ता की हो गई है मुरीद चायल विधानसभा चुनाव में सपा बसपा के संभावित प्रत्याशियों को छूट रहे पसीने

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है प्रत्याशियों के दिलों की धड़कन तेजी से बढ़ती जा रही है जनता के बीच अपनी पकड़ का आकलन सभी प्रत्याशी कर रहे हैं प्रत्याशियों के चेहरे देखकर उनकी स्थितियों का अंदाजा लगाया जा सकता है तमाम संभावित प्रत्याशियों के चेहरे पर अभी से हवाइयां उड़ रही हैं कि कैसे विधानसभा चुनाव में उनकी नैया पार होगी विधानसभा चुनाव में मजबूत प्रत्याशियों को पछाड़ने के लिए पार्टी के बीच भीषण भी तैयार किए जा रहे हैं पार्टी के शीर्ष नेताओं को विभीषण से बचना होगा वरना पार्टी की नैया डुबाने में विभीषण कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

बीते विधान सभा चुनाव 2017 में चायल विधानसभा चुनाव से भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले संजय कुमार गुप्ता 85 हजार 713 मत पाकर विधायक बन गए थे चायल विधानसभा में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी आशिफ जाफरी 45 हजार 597 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस पार्टी से गठबंधन कर तलत अजीम को चुनाव मैदान में उतारा था संयुक्त दल प्रत्याशी तलत अजीम को 43 हजार 776 मत मिले थे और वह तीसरे पायदान पर थे 2017 के बाद सपा बसपा राजनीतिक दलों में भूचाल आ गया और बसपा से चुनाव लड़ने वाले आशिफ जाफरी ने 2017 के चुनाव में हार स्वीकार करने के बाद बहुजन समाज पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया उन्हें यह भरोसा है कि समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के संपूर्ण वोटरों से उनके सम्बन्ध होने के चलते मत उन्हें मिल जाएंगे जिससे वह विधायक बन जाएंगे लेकिन यह उनकी बचकानी सोच होगी बहुजन समाज पार्टी छोड़ दिए जाने के बाद बसपा के मतदाता संभावित बसपा प्रत्याशियों के साथ प्रचार करते देखे जाते हैं। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन विधानसभा 2017 के बाद टूट चुका है इस चुनाव में दोनो दल के बीच गठबंधन की स्थिति नहीं है इस स्थिति में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पार्टी अपने-अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतार रही है 43 हजार 776 मतों में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच मतदाताओ में विभाजन तय माना जा रहा है और इस स्थिति में समाजवादी पार्टी अपने खोए वजूद को कैसे बचा पाएगी इस बात की चर्चा मतदाताओं के बीच तेजी से हो रही है समाजवादी पार्टी के संभावित प्रत्याशियों को भरोसा है कि बसपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में शामिल हुए पूर्व कबीना मंत्री इंद्रजीत सरोज उनकी नैया पार लगाएंगे लेकिन वैश्य समुदाय के मतदाताओं के बारे में तीखी टिप्पणी करने से इंद्रजीत सरोज के प्रति वैश्य मतदाताओं में खासा आक्रोश व्याप्त है चायल विधानसभा क्षेत्र में 18% के लगभग बैश्य बिरादरी के मतदाता है और बैश्य बिरादरी के मतदाताओं का इंद्रजीत सरोज के प्रति आक्रोश यदि ठंडा नहीं हुआ तो समाजवादी पार्टी कैसे अपने वजूद को बचाएंगी। विधानसभा 2017 के चुनाव जीतने के बाद लगातार जनता के बीच अपने मधुर संबंधों और संपर्क के चलते विधायक संजय गुप्ता ने चायल क्षेत्र के मतदाताओं के बीच अपनी गहरी पैठ बनाई है चायल विधानसभा क्षेत्र के भरवारी कार्यालय और सराय अकिल कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर आम जनता की समस्याओं का समाधान करने में सहयोग करने के चलते संजय गुप्ता आम जनमानस के बीच हीरो बन गए जन चौपाल और जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से संजय गुप्ता विधायक ने आम जनमानस की पीड़ा को पहचाना और 5 वर्ष तक लगातार उनकी समस्याओ का समाधान किया। क्षेत्र में लोकप्रियता की मिसाल कायम करने वाले संजय गुप्ता विधायक का विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में मतदाताओं के बीच उनकी सीधी मजबूत पकड़ है दूसरी तरफ चायल विधानसभा क्षेत्र में योगी मोदी सरकार के सहयोग से हजारों करोड़ की योजनाओं को पहुंचाने में भी संजय गुप्ता विधायक सफल हुए है जिससे विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव की तमाम समस्याओं का समाधान हो चुका है। गांव क्षेत्र की गरीब जनता को सड़क शिक्षा पीने का पानी आवास की सुविधा मिल जाने से आम जनमानस संजय गुप्ता की मुरीद हो गई है इन स्थितियों में चायल विधानसभा क्षेत्र में आगामी विधानसभा चुनाव 2022 में सपा बसपा प्रत्यासी संजय गुप्ता विधायक के सामने कैसे अपने वजूद को बचाएंगे इलाके में बढ़ती लोकप्रियता के बीच संजय गुप्ता विधायक का वजूद कम होता नही दिखाई पड़ रहा है लेकिन अभी किसी राजनीतिक दल ने चुनाव में प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं की है जिससे स्पष्ट तौर से कुछ कहा जाना संभव नहीं होगा।

## अस्पताल पहुंचे व्यक्ति पर बंदर ने गिराई ईट

**इमामगंज कौशाम्बी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज में बंदरों का आतंक है बंदरों के आतंक से अस्पताल के कर्मचारी और मरीज परेशान हैं आज फिर अस्पताल पहुंचे एक घायल पर बंदरो ने छत से ईंट गिरा दिया है जिससे अस्पताल पहुंचा व्यक्ति गंभीर घायल हो गया है।

जानकारी के अनुसार बाबू लाल उम्र 53 वर्ष पुत्र स्व राजा निवासी मूरतगंज सोमवार की सुबह मूरतगंज के सरकारी अस्पताल दवा लेने के लिए गए थे वह अस्पताल परिसर में ही बैठे अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे तभी एक बंदर ने छत के ऊपर से ईंट गिरा दिया जिससे नीचे बैठे व्यक्ति के ऊपर ईंट गिरने से व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया।डॉक्टरों ने घायल व्यक्ति का तुरंत इलाज किया है।

## बच्चों को भयमुक्त वातावरण में दें शिक्षा : डायट प्राचार्य

अखंड भारत संदेश

### हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव समारोह सम्पन्न

**कौशाम्बी।** मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र मंझनपुर में निपुण भारत मिशन के तहत हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन संपन्न हुआ।कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण के पश्चात हुई।शिक्षिका अंजली वर्मा ने सरस्वती वंदना किया। खंड शिक्षा अधिकारी चन्द्र मोहन सिंह ने समस्त प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य स्वराज भूषण त्रिपाठी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में आधारभूत साक्षरता के प्रथम सोपान के रूप में पूर्व प्राथमिक शिक्षा को चिन्हित किया गया है। बुनियादी साक्षरता एवं प्राथमिक अंकीय दक्षता प्राप्त करने हेतु प्राथमिक शिक्षा का सार्वभौमिकरण किया जाना लक्षित है। बुनियादी साक्षरता हेतु लक्षित आयुवर्ग 3-8 को निर्धारित अधिगम स्तर की सम्प्राप्ति के उद्देश्य से शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निपुण भारत का 5 जुलाई 2021 को शुभारम्भ किया गया है।इस कार्यक्रम में बच्चों को भयमुक्त वातावरण में शिक्षा देने की अपील की गई है।नोडल संकुल ज्ञानेश मिश्रा ने हर आंगनबाड़ी केंद्र को बच्चों के घर आंगन के रूप में और हर बच्चे को अपने बच्चे की तरह महत्व देने हेतु सभी कार्यकत्रियों को प्रेरित किया।इस कार्यक्रम को नोडल संकुल फरहत नसीर और कृष्णकांत तिवारी ने संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन ओम दत्त त्रिपाठी ने किया।इस अवसर पर डायट मेंटर नीतीश कुमार यादव, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर मंजू सिंह,विनोद कुमार श्रीवास्तव,प्रेम शंकर त्रिपाठी,अनूप कुमार वर्मा व मंझनपुर विकासखंड की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहित शिक्षक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में बोलते डायट प्राचार्यक

## आधा दर्जन गांवों में बसपा नेत्री ने किया जनसंवाद

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** बसपा नेत्री व मंझनपुर विधान सभा से बसपा प्रत्याशी डॉ. नीतू कनौजिया ने मंगलवार को क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में जनसंवाद किया। इस दौरान उन्होंने जनता को बसपा की नीतियों के प्रति जागरूक करते हुए 2022 के विस चुनाव में बसपा को मजबूत करने की अपील भी किया।

मंझनपुर विधान सभा क्षेत्र के बजहा खुर्रमपुर, चौपुरवा, कटरा, सोंधिया सहित आधा दर्जन गांवों में उन्होंने समर्थकों के साथ जनसम्पर्क किया। बसपा नेत्री डॉ. नीतू कनौजिया ने जनता से सीधे संवाद करते हुए बसपा सुप्रिमो बहन मायावती के उद्देश्यों को बताया वहीं सपा, भाजपा के शासन काल को भी याद दिलाया। उन्होंने कहा कि भाजपा की वर्तमान सरकार भले ही महिलाओं की सुरक्षा की बात करती हो लेकिन महिलाएं कितनी सुरक्षित हैं इसका जनता सहज ही अंदाजा लगा सकती है। उन्होंने जिले के अलावा गैर जनपद में हुई महिलाओं के साथ घटनाओं का जिक्र भी किया। और कहा कि जनता को झूंठे वायदों के अलावा भाजपा ने कुछ नही दिया है और न ही कुछ देने वाली है। सपा पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सपा शासन काल में माफियाओं का एकक्षत्र राज होता है। गरीब, बेसहारा को न्याय के लिए भटकना पडता है। वहीं बसपा शासन काल को भी याद दिलाया कहा कि बहन मायावती की सरकार में महिलाएं सुरक्षित होने के साथ ही गरीब, बेसहारा लोगों को इंसाफ मिलता था। इस मौके पर उनके साथ शैलेंद्र, बंशीलाल चौधरी, धनेश सिंह, पिंटू, वीरेंद्र, अनिल, सोहेल, सुधा,सुमन के अलावा गांव की तमाम जनता मौजूद रही।




आम जनमानस से संवाद करती बसपा नेत्री डॉ नीतू कनौजिया

### भैंस चोर गिरोह का आतंक

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के देवखर पुर गांव में इन दिनों भैंस चोर गिरोह का आतंक कायम है आए दिन भैंस चोर गिरोह के सदस्य किसानों की भैंस को आधी रात को छोटा हाथी चार पहिया वाहन में भरकर उठा ले जा रहे हैं भैंस चोरी की घटनाओं का पुलिस मुकदमा नहीं दर्ज कर रही है जिससे चोर गिरोह पर कार्रवाई नहीं हो रही है जिन किसानों की भैंस चोरी हो रही है उनके सामने समस्याओं का दौर गुजर रहा है पतौना चौकी इंचार्ज के कारनामे से लोगों में आक्रोश व्याप्त है लेकिन भैस चोरों को खोजने के प्रति पुलिस चौकी इंचार्ज पतौना गंभीर नहीं है बताते चलें कि देवखर पुर गांव में तीन दिनों पूर्व आधी रात को मुखिया मौर्या की भैंस को गिरोह के सदस्यों ने खोल लिया था गांव के बाहर छोटा हाथी चार पहिया वाहन खड़ा था भैंस को लेकर चोर गिरोह के सदस्य चल दिए ग्रामीण जाग गए हो हल्ला मचाया और चोर गिरोह के सदस्यों को दौड़ा लिया जिस पर भैंस को छोड़कर चोर गिरोह के भाग गए जिससे मुखिया की भैंस चोरी होने से बच गई लेकिन बीती रात फिर देवखर पुर गांव में चोर गिरोह के सदस्य पहुंचे गांव के बाहर वाहन खड़ा करने के बाद गांव के सुबराती की भैंस को चोरों ने खोल लिया और छोटा हाथी चार पहिया वाहन में भैंस को भरकर चोर गिरोह के सदस्य उठा ले गए हैं।

## सम्पादकीय

# इंसान से ऊपर धर्म नहीं

पंजाब में विधानसभा चुनावों से पहले बेअदबी के दो मामलों और उन पर हुई भीड़ की हिंसा से राजनैतिक माहौल तो गर्म है ही, इसके साथ ही सांप्रदायिक माहौल भीबिगड़ने की आशंका बढ़ गई है। शनिवार शाम स्वर्ण मंदिर में 'रेहरास साहिब' के पाठ के दौरान एक युवक ने मंदिर के गर्भगृह में घुसने की कोशिश। युवक की इस हरकत से नाराज संगत और सेवादारों ने युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। अब पंजाब पुलिस ने उस युवक पर ही मौत के बाद उस पर ही धारा 307 यानी हत्या के प्रयास और धारा 295 ए यानी धार्मिक भावनाओं को भड़काने के तहत मामला दर्ज किया है। हालांकि अब तक मारे गए युवक की पहचान नहीं हो पाई है। और पुलिस उसकी शिनाख्त करने में ही लगी हुई है कि वो कहां से आया था, किस इरादे से आया था। अगर वह युवक जिंदा रहता, और स्वर्ण मंदिर में अवांछित गतिविधियों के आरोप में उसे खुद सजा न देकर पुलिस के हवाले किया जाता तो युवक की पहचान भी उजागर हो जाती और स्वर्ण मंदिर की धार्मिक गतिविधियों में छेड़छाड़ की नीयत का पता भी लग जाता। लेकिन अब इन सवालों के जवाब शायद ही मिल पाएं। अमृतसर की इस घटना के एक दिन बाद ही पंजाब के कपूरथला में एक और युवक को निशान साहिब से बेअदबी के आोप में भीड़ ने पीट कर मार दिया। जबकि पुलिस का कहना है कि वह चोरी के इरादे से आया था। यानी वह युवक भी पकड़ा जाता तो और उस पर चोरी के इल्जाम साबित होते तो उसे चाहे जो सजा मिलती, सजा-ए-मौत तो नहीं होती। धर्म की रक्षा करते-करते इंसान कब खुद भक्षक बन जाता है, इसका पता ही नहीं चलता। लेकिन पंजाब में पिछले दिनों जो घटनाएं घटीं, कम से कम कोई ईश्वर, कोई गुरु, कोई धार्मिक ग्रंथ ऐसी शिक्षा तो नहीं देता है कि एक इंसान के पीछे खून की प्यासी भीड़ लग जाए। कुछ वक्त पहले ऐसी ही क्रूरता हमने पाकिस्तान में देखी थी। जहां पवित्र कुरआन वाले पोस्टर हटाने के आरोप में एक श्रीलंकाई नागरिक को भीड़ ने बेहद क्रूरता के साथ मार दिया था। हम कई मामलों में खुद को पाकिस्तान से बेहतर मानते हैं, लेकिन धर्म के नाम पर जो कट्टरता वहां फैल चुकी है, अब उसी का प्रसार यहां भी हो चुका है।

पिछले कुछ वर्षों में गोकशी, गौ तस्करी, धर्मांतरण जैसे आरोपों पर अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा की कई वारदात हुई हैं। भीड़ कभी निर्दोष इंसानों को जलाकर मार देती, कभी पत्थरों से कुचलती और इस तरह अपने धर्म का झंडा ऊंचा लहराने की कोशिश करती। हालांकि इसमें इंसानियत कितने नीचे गिरती है, यह देखने की फुर्सत किसी को नहीं है। इस मामले में कानून भी लाचार नजर आता, क्योंकि जिन लोगों पर कानून के पालन की जिम्मेदारी है, वो खुद धर्म को कठपुतली बनाकर जनता को नचा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुरूआती दौर में कुछेक बार सांप्रदायिक सद्भाव की बातें कही थीं, उसके बाद उनकी आंखों के सामने अल्पसंख्यकों पर अत्याचार होता रहा और वे कपड़ों से उनकी शिनाख्त की बात करते रहे। इस मामले में कांग्रेस से उम्मीदें हैं कि वह कम से कम धर्म के नाम पर होने वाली इस अविचारित हिंसा को रोकेगी। लेकिन पंजाब मामले में उसने निराश ही किया है। पंजाब में मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी से लेकर विपक्ष के तमाम नेताओं ने स्वर्ण मंदिर में बेअदबी की कोशिश की निंदा की है। कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने तो अपने बड़बोलेपन का परिचय देते हुए कहा कि बेअदबी कहीं हो, चाहे कुरान शरीफ की हो, चाहे भागवद गीता की हो, चाहे श्री गुरुग्रंथ साहिब की हो। बेअदबी करने वालों को लोगों के सामने लाकर फांसी लगा देनी चाहिए। उन्हें इस संविधान की सबसे बड़ी सजा देनी चाहिए। ठीक है कि सिद्धू ने सभी धर्मों के पवित्र ग्रंथों की रक्षा की बात की। लेकिन उन्हें ये भी बताना चाहिए था कि जिस संविधान की बात उन्होंने की, क्या वह भीड़ को किसी की जान लेने की इजाजत देता है। इसी तरह मुख्यमंत्री समेत तमाम नेताओं को यह बात स्पष्ट करना चाहिए कि क्या भीड़ की हिंसा उन्हें मंजूर है। पवित्र ग्रंथों की, धार्मिक प्रतीकों की, महापुरुषों की, दूसरों की धार्मिक भावनाओं की इज्जत करना सभी का फर्ज है। जो इस फर्ज को न निभाए, उसे कानून के हिसाब से सजा भी मिलनी चाहिए। लेकिन लोगों को खुद सजा नहीं देनी चाहिए। पंजाब में कांग्रेस सरकार अगर यह संदेश लोगों को देती तो इससे उसकी साख कम नहीं हो जाती। लेकिन धार्मिक भावनाओं को वोट के तराजू के तौलने के फेर में कांग्रेस ऐसा नहीं कर पाई।

# स्वर्ण मंदिर परिसर में लिंचिंग

**उपेन्द्र प्रसाद**

वह व्यक्ति भीड़ की हिंसा का शिकार हुआ। उसके साथ गलत हुआ, लेकिन पंजाब की सरकार और पुलिस ने जो किया, वह तो भीड़ की हिंसा से भी ज्यादा आपत्तिजनक है। भीड़ तो अपना आपा खो चुकी थी, लेकिन पंजाब सरकार और पुलिस ने तो आपा नहीं खोया था। उसने मारे गए व्यक्ति के ऊपर ही मुकदमा कर दिया। इससे ज्यादा ऊटपटांग बात और क्या हो सकती है जो व्यक्ति जिंदा ही नहीं है और जिसकी पहचान भी स्थापित नहीं है, उस पर आप मुकदमा करेंगे। पंजाब से बहुत ही दर्दनाक घटनाओं की खबरें आ रही हैं। एक घटना अमृतसर की है, तो दूसरी कपूरथला की। अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। वह व्यक्ति कौन था, इसका भी पता नहीं।

सिर्फ यह कहा जा रहा है कि वह उत्तर प्रदेश का था। लेकिन यह जानकारी भी पुष्ट नहीं है। उस पर आरोप है कि वह गुरु ग्रंथ साहब की बेअदबी करना चाह रहा था। घटना से पहले वह पाठ सुन रहा था। उस पर आरोप है कि एकाएक वह उठा और रेलिंग पार कर उस ओर पहुंच गया, जहां सिर्फ पाठ करने वाले ग्रंथी ही जाते हैं। जिस वर्जित इलाके में वह अनधिकृत तौर पर गया, वहां गुरु ग्रंथ साहिब रखा होता है। वहीं एक सुनहरी तलवार भी है। एक वर्सन के अनुसार, वह तलवार उठाने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया और दूसरे वर्सन के अनुसार वह तलवार उठा चुका था और गुरु ग्रंथ साहब के साथ बेअदबी करने वाला था। इन दोनों वर्सनों में जो भी सही हो, उसकी हत्या अत्यंत ही निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। उसने जो किया, वह तो गलत था ही, क्योंकि उसे लोगों की धार्मिक आस्था को चोट नहीं पहुंचानी चाहिए थी और उसे वैसा कुछ नहीं करना चाहिए था, जो सिख धर्म के खिलाफ हो। लेकिन उसके साथ जो हुआ वह तो और भी गलत था। उसकी हत्या किए जाने को कोई भी वाजिब नहीं ठहरा सकता। सिख धर्म प्रेम का धर्म है। इसके संस्थापक गुरु नानक देव जी प्रेम की पुजारी थे, और गुरुद्वारों में प्रेम का पाठ ही किया जाता है। इस पृष्ठभूमि में किसी बेअदबी करने वाले के साथ इस तरह का व्यवहार प्रेम और भक्ति के सिद्धांतों के खिलाफ है। और यह भी स्पष्ट नहीं है कि वह वास्तव में बेअदबी करना चाहता था या मानसिक रूप से वह विक्षिप्त था और उसे पता ही नहीं था कि वह सही कर रहा था या गलत।

यदि वह किसी ऐसे गिरोह का सदस्य था, जो सिखों की धार्मिक आस्थाओं पर चोट कर रहा हो, तब भी उसकी हत्या बिल्कुल गलत थी। पहली बात तो यह है कि हमारे देश का संविधान और कानून किसी हत्या की इजाजत किसी को नहीं देते। दूसरी बात यह है कि यदि वास्तव में वह किसी सिखविरोधी गिरोह का सदस्य था, तो उस गिरोह के बारे में पता उसे जिंदा रखकर ही लगाया जा सकता है। अब पंजाब की सरकार ने एक स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम को गठन किया गया है, जो पता करेगा कि उस बेअदबी के पीछे कौन था। जब वह व्यक्ति जिंदा ही नहीं रहा, तो फिर टीम को पता कैसे चलेगा कि उसके पीछे कोई गिरोह भी था या वह व्यक्ति दिमागी रूप से कमजोर होने के कारण वह काम कर रहा था।

वह व्यक्ति भीड़ की हिंसा का शिकार हुआ। उसके साथ गलत हुआ, लेकिन पंजाब की सरकार और पुलिस ने जो किया, वह तो भीड़ की हिंसा से भी ज्यादा आपत्तिजनक है। भीड़ तो अपना आपा खो चुकी थी, लेकिन पंजाब सरकार और पुलिस ने तो आपा नहीं खोया था। उसने मारे गए व्यक्ति के ऊपर ही मुकदमा कर दिया। इससे ज्यादा ऊटपटांग बात और क्या हो सकती है जो व्यक्ति जिंदा ही नहीं है और जिसकी पहचान भी स्थापित नहीं है, उस पर आप मुकदमा करेंगे और जो जिंदा ही नहीं है, उसे कौन सी सजा दी जाएगी आखिर यह बेतुकापन क्यों क्या इसलिए कि पंजाब में चुनाव होने जा रहे हैं और चन्नी की सरकार दिखाना चाहती है कि वे सिखों की भावनाओं को लेकर बहुत ही सजग और चिंतित है। पंजाब सरकार ही नहीं, पंजाब के विपक्ष की भूमिका भी सही नहीं है। आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल हो या शिरोमणि अकाली दल के शीर्ष नेता प्रकाश सिंह बादल- सभी एक स्वर में बोल रहे हैं। कोई भीड़ द्वारा की गई हत्या की निंदा नहीं कर रहा है। सभी बेअदबी को लेकर चिंतित हैं। बेअदबी को लेकर चिंतित हों, यह अच्छी बात है, लेकिन स्वर्ण मंदिर परिसर में कानून की भी तो बेअदबी हुई है। कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं होनी चाहिए अमृतसर के स्वर्ण मंदिर परिसर की उस घटना के बाद कपूरथला के एक गुरुदारे में भी एक व्यक्ति भीड़ की हिंसा का शिकार हुआ और मारा गया। उसके बारे में भी कुछ पता नहीं चला है।

सिर्फ यह बताया जा रहा है कि वह दिल्ली का था। उसने यह बात पकड़े जाने के बाद खुद बताई थी। उसके बारे में गौर करने की बात यह है कि वह गुरुद्वारे के अंदर से नहीं बल्कि उसके बाहर से पकड़ा गया था। गुरुद्वारे के लोगों के अनुसार कोई व्यक्ति सुबह गुरुद्वारे में घुसा था। उसका इरादा बेअदबी या चोरी का रहा होगा। फिर गुरुद्वारे के लोगों ने हल्ला कर बाहर के लोगों का भी बुलाया और वह उस व्यक्ति को ढूंढ़ने लगे, जो गुरुद्वारे के अंदर घुसा था। अंदर तो कोई नहीं मिला, बाहर से किसी को पकड़ लिया और मान लिया कि वह अंदर घुसा था। उसके बाद उसकी पिटाई की और विडियो बनाया। विडियो देखकर और लोग भी आए। पुलिस भी आई। पुलिस ने उस व्यक्ति को बचाने की कोशिश की, लेकिन भीड़ ने उसे बचाने का मौका ही नहीं दिया। जब उस व्यक्ति की मौत हो गई, तभी पुलिस उसे अपने कब्जे में कर सकी और अस्पताल ले गई, जहां उसे पहले से ही मृत घोषित कर दिया। ये दोनों घटनाएं पागलपन के दौर की कहानी कहती हैं। दूसरी घटना तो कुछ ज्यादा ही भयावह है। धार्मिक स्थलों पर दूरदराज के लोग पहुंचते हैं। गुरुद्वारों में बाहर के लोगों को भोजन दिया जाता है और पानी भी पीने के लिए लोग वहां जाते हैं। ज्यादातर धार्मिक लोग ही वहां जाते हैं और उनमें कुछ मानसिक रूप से कमजोर भी हो सकते हैं और ऐसी हरकतें भी कर सकते हैं जो धार्मिक दृष्टि से बहुत ही अनुचित हो, लेकिन तब क्या उस व्यक्ति को भीड़ के न्याय का शिकार होने के लिए छोड़ दिया जाना चाहिए यदि ऐसा हो रहा है, तो हम कह सकते हैं कि हमारा देश पागलपन के दौर में प्रवेश कर रहा है।

# भारत रत्न के सच्चे हकदार हैं चौधरी चरण सिंह

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**23 दिसम्बर पर विशेष**

देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की गिनती एक ईमानदार राजनेता के तौर पर की जाती है। उन्होंने जीवन पर्यन्त किसानों की सेवा को ही अपना धर्म माना और देश के किसानों, गरीबों, दलितों, पीड़ितों की सेवा में पूरी जिंदगी गुजारी। चौधरी चरण सिंह ने हमेशा यह साबित करने की कोशिश की थी कि किसानों को खुशहाल किए बिना देश का विकास नहीं हो सकता। उनकी नीति किसानों व गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की थी। किसानों को उनकी उपज का उचित दाम मिल सके इसके लिए बहुत गंभीर रहते थे। उनका कहना था कि भारत का संपूर्ण विकास तभी होगा जब किसान, मजदूर, गरीब खुशहाल होंगे। चौधरी चरण सिंह जाति प्रथा के कट्टर विरोधी थे। चरण सिंह खुद एक छोटे-से गांव में एक किसान के घर पैदा हुए। बचपन से ही उन्होंने किसानों, गरीबों के दुख-दर्द को नजदीक से देखा जाना था इसलिए उन्हें उनकी समस्याओं का बखूबी अहसास था। उनको जब कभी मौका मिलता वे किसानों की सेवा करने से नहीं चूकते थे। चौधरी चरण सिंह जीवन पर्यन्त गांधी टोपी धारण कर महात्मा गांधी के सच्चे अनुयायी बने रहे। वे कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांवों के खेतों और खलिहानों से होकर गुजरता है। उनका कहना था कि भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं होती है। जिस देश के लोग भ्रष्ट होंगे वह कभी तरक्की नहीं कर सकता। चौधरी चरण सिंह कुशल लेखक भी थे। अंग्रेजी भाषा पर उनका अच्छा अधिकार था। उन्होंने कई पुस्तकों का लेखन किया। 29 मई 1987 को 84 वर्ष की उम्र में जब उनका देहांत हुआ तो देश के किसानों ने अपना हितैषी नेता खो दिया। लोगों का मानना था कि चरण सिंह से राजनीतिक गलतियां हो सकती हैं लेकिन चारित्रिक रूप से उन्होंने कभी कोई गलती नहीं की। इतिहास में उनका नाम प्रधानमंत्री से ज्यादा एक किसान नेता के रूप में जाना जाता है। चौधरी चरण सिंह ने ही भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे पहले आवाज बुलंद करते हुए आह्वान किया था कि भ्रष्टाचार का अंत ही देश को आगे ले जा सकता है। चौधरी चरण सिंह का जन्म 23 दिसम्बर 1902 को गाजियाबाद जिले के नूरपुर गांव के चौधरी मीर सिंह के घर हुआ था। बाद में उनका परिवार नूरपुर से जानी खुर्द गांव आकर बस गया था। 1928 में चौधरी चरण सिंह ने आगरा विश्वविद्यालय से कानून की शिक्षा लेकर गाजियाबाद में वकालत शुरू की। 1930 में महात्मा गांधी द्वारा नमक कानून तोड़ने के समर्थन में चरण सिंह ने हिंडन नदी किनारे नमक बनाया, उन्हें छह माह जेल की सजा हुई। 1940 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में भी चरण सिंह गिरफ्तार किये गये। 1942 में अगस्त क्रांति के माहौल में चरण सिंह की गिरफ्तारी हुई और डेढ़ वर्ष की सजा हुई। जेल में ही चौधरी चरण सिंह की लिखित पुस्तक भारतीय समाज में शिष्टाचार के नियमों का बहुमूल्य दस्तावेज है।

चौधरी चरण सिंह को 1951 में उत्तर प्रदेश सरकार में न्याय एवं सूचना विभाग का कैबिनेट मंत्री बनाया गया। 1952 में डॉक्टर सम्पूर्णानंद के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्हें राजस्व तथा कृषि विभाग का दायित्व मिला। एक जुलाई 1952 को उत्तर प्रदेश में उनकी बदौलत जमींदारी प्रथा का उन्मूलन हुआ और गरीबों को खेती करने के अधिकार मिले। 1954 में उन्होंने किसानों के हित में उत्तर प्रदेश भूमि संरक्षण कानून को पारित कराया। 1960 में चंद्रभानु गुप्ता की सरकार में उन्हें गृह तथा कृषि मंत्री बनाया गया। चौधरी चरण सिंह 3 अप्रैल 1967 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। 1967 में पूरे देश में सांप्रदायिक दंगों के बावजूद उत्तर प्रदेश में कहीं पत्ता नहीं हिला। 17 फरवरी 1970 को वे दूसरी बार मुख्यमंत्री बने। अपने सिद्धांतों से उन्होंने कभी समझौता नहीं किया। 1977 में चुनाव के बाद जब केंद्र में जनता पार्टी सत्ता में आई तो मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने और चरण सिंह को देश का गृह मंत्री बनाया गया। केंद्र में गृहमंत्री बनने पर उन्होंने अल्पसंख्यक आयोग की स्थापना की। 1979 में वे उप प्रधानमंत्री बने। बाद में मोरारजी देसाई और चरण सिंह के मतभेद हो गये। 28 जुलाई 1979 से 14 जनवरी 1980 तक चौधरी चरण सिंह समाजवादी पार्टियों तथा कांग्रेस के सहयोग से भारत के पांचवें प्रधानमंत्री बने। इंदिरा गांधी के सहयोग से कुछ समय के लिये देश के प्रधानमंत्री बन कर उन्होंने देश में पहली बार कांग्रेस के खिलाफ बने एक मजबूत गठबंधन को तोड़ा था। उससे उनकी प्रतिष्ठा को भी गहरा आघात पहुंचा था। अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार ने 2001 में हर वर्ष 23 दिसम्बर को चौधरी चरण सिंह की जयंती को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाने की जो परंपरा शुरू की थी उससे जरूर उनको साल में एक दिन याद किया जाने लगा है। चौधरी चरण सिंह जैसे किसानों के बड़े नेता द्वारा किसानों के हित में किये गये कार्यों को देखते हुये वर्षों पूर्व ही उनको भारत रत्न सम्मान मिलना चाहिये था। इससे देश के करोड़ों किसानों के साथ सरकार का भी सम्मान बढ़ेगा।

# श्रीनिवास रामानुजनः संख्याओं के जादूगर

राष्ट्रीय गणित दिवस पर विशेष

प्रतिवर्ष 22 दिसम्बर को भारत में ह्यराष्ट्रीय गणित दिवसह्न मनाया जाता है, जो देश के महान गणितज्ञों में से एक श्रीनिवास रामानुजन को सम्मान देने के उद्देश्य से उनकी स्मृति में उनके जन्म दिवस पर मनाया जाता है। महान गणितज्ञ रामानुजन की गणना आधुनिक भारत के उन व्यक्तित्वों में की जाती है, जिन्होंने विश्व में नए ज्ञान को पाने और खोजने की पहल की। 22 दिसम्बर 1887 को मद्रास से करीब चार सौ किलोमीटर दूर तमिलनाडु के ईरोड शहर में जन्मे श्रीनिवास अयंगर रामानुजन का बचपन कठिनाइयों और निर्धनता के दौर में बीता था। तीन वर्ष की आयु तक वह बोलना भी नहीं सीख पाए तो परिवार के लोगों को चिंता होने लगी कि बालक कहीं गूंगा न हो। भला कौन जानता था कि यही बालक गणित के क्षेत्र में इतना महान कार्य करेगा कि सदियों तक दुनिया उन्हें आदर-सम्मान के साथ याद रखेगी। उन्हें गणित में इतनी दिलचस्पी थी कि गणित में उन्हें प्रायः सौ फीसदी अंक मिलते थे लेकिन बाकी विषयों में बमुश्किल ही परीक्षा उत्तीर्ण कर पाते थे। गणित के अलावा उनका मन दूसरे विषयों में नहीं लगता था। खास बात यह थी कि उन्होंने कभी गणित में किसी तरह का प्रशिक्षण नहीं लिया था।

गणित में अतुलनीय योगदान के लिए श्रीनिवास रामानुजन को के. रंगनाथ राव पुरस्कार भी दिया गया था। उनका गणित प्रेम इतना बढ़ गया था कि उन्होंने दूसरे विषयों पर ध्यान देना ही छोड़ दिया था। दूसरे विषयों की कक्षाओं में भी वे गणित के ही प्रश्नों को हल किया करते थे। नतीजा यह हुआ कि 11वीं कक्षा की परीक्षा में वे गणित के अलावा दूसरे सभी विषयों में अनुत्तीर्ण हो गए और इस कारण उन्हें मिलने वाली छात्रवृत्ति बंद हो गई। परिवार की आर्थिक हालत पहले ही ठीक नहीं थी, इसलिए परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी करने के लिए उन्होंने गणितज्ञ रामास्वामी अय्यर के सहयोग से मद्रास पोर्ट ट्रस्ट में क्लर्क की नौकरी कर ली। नौकरी के दौरान भी वे समय मिलते ही खाली पन्नों पर गणित के प्रश्न हल करने लग जाया करते थे।

एक दिन एक अंग्रेज की नजर उनके द्वारा हल किए गए गणित के प्रश्नों पर पड़ी तो वह उनकी प्रतिभा से बहुत प्रभावित हुआ। उसी अंग्रेज के माध्यम से रामानुजन का संपर्क जाने-माने ब्रिटिश गणितज्ञ और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जी एच हार्डी से हुआ। हार्डी ने उनकी विलक्षण प्रतिभा भांप कर उन्हें लंदन बुला लिया और उनके लिए कैम्ब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज में व्यवस्था की, जिसके बाद उनकी ख्याति दुनिया भर में फैल गई। जी.एस. हार्डी ने रामानुजन को यूलर, गोस, आर्किमिडीज, आईजैक न्यूटन जैसे दिग्गजों के समकक्ष रखा था। 1917 में उन्हें ह्यलंदन मैथेमेटिकल सोसायटीह्न का सदस्य चुना गया और अगले ही वर्ष इंग्लैंड की प्रतिष्ठित संस्था ह्यरॉयल सोसायटीह्न ने उन्हें अपना फैलो बनाकर सम्मान दिया। रामानुजन ने करीब पांच साल कैम्ब्रिज में बिताए और उस दौरान गणित से संबंधित कई शोधपत्र लिखे। इंग्लैंड में उन पांच वर्षों के दौरान उन्होंने मुख्यतः संख्या सिद्धांत के क्षेत्र में कार्य किया। प्रोफेसर जीएच हार्डी के साथ मिलकर रामानुजन ने कई शोधपत्र प्रकाशित किए और उन्हीं में से एक विशेष शोध के लिए कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने रामानुजन को बी.ए. की उपाधि भी प्रदान दी। रामानुजन को ह्यगणितज्ञों का गणितज्ञह्न और संख्या सिद्धांत पर अद्भुत कार्य के लिए ह्यसंख्याओं का जादूगरह्न भी कहा जाता है, जिन्होंने खुद से गणित सीखा और जीवनभर में गणित के 3884 प्रमेयों (थ्योरम्स) का संकलन किया, जिनमें से अधिकांश प्रमेय सही सिद्ध किए जा चुके हैं। रामानुजन ने गणितीय विश्लेषण, अनंत श्रृंखला, संख्या सिद्धांत तथा निरंतर भिन्न अंशों के लिए आश्चर्यजनक योगदान दिया और अनेक समीकरण व सूत्र भी पेश किए। वे ऐसे विश्वविख्यात गणितज्ञ थे, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों और विषय गणित की शाखाओं में अविस्मरणीय योगदान दिया और जिनके प्रयासों तथा योगदान ने गणित को एक नया अर्थ दिया। उनके द्वारा की गई खोज ह्यरामानुजन थीटाह्न तथा ह्यरामानुजन प्राइमह्न ने इस विषय पर आगे के शोध और विकास के लिए दुनिया भर के शोधकताओं को प्रेरित किया।

**- योगेश कुमार गोयल**

# भाजपा की बी टीम क्यों बनना चाहती है, तृणमूल

**राजेंद्र शर्मा**

कोलकाता नगर निगम के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की वोट की इस बार पिछले मौकों से भी ज्यादा खुली लूट का संबंध, ममता बैनर्जी की इसकी चिंता से भी है कि कैसे पश्चिम बंगाल पर अपने पूरे-पूरे नियंत्रण का प्रदर्शन करें, ताकि प्रधानमंत्री पद के लिए उनके दावे का वजन बढ़ सके। लेकिन, जनता के विश्वास की जगह, सत्ता को जीतने पर भरोसा करने की ठीक यही गलती तो तानाशाही मिजाज की पार्टियां अक्सर करती हैं और यही गलती है जो अंततः जनता के संघ-भाजपा के मौजूदा मोदी निजाम के हटाने का रास्ता बनाएगी। अचरज की बात नहीं है कि कोलकाता नगर निगम के एकदम हाल में हुए चुनाव में, बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने वही किया है, जो 2011 में राज्य में सत्ता में आने के बाद से आम तौर पर सभी चुनावों में और स्थानीय निकायों के चुनावों में और भी ज्यादा दीदादिलेरी से करती आई है। सूत्र रूप में कहें तो-चुनाव की या जनादेश की लूट! जाहिर है कि चूंकि विधानसभा तथा लोकसभा चुनावों के विपरीत, विभिन्न स्तरों पर स्थानीय निकायों के चुनाव, राज्य चुनाव आयोग द्वारा कराए जाते हैं, जिसे सारे नियम-कायदों को ताक पर रखकर तृणमूल कांग्रेस ने करीब-करीब प्रत्यक्ष रूप से अपने अंगूठे के नीचे कर रखा है, जनादेश की लूट ज्यादा दीदादिलेरी से होती है। फिर भी इस बार, कोलकाता नगर निगम के चुनावों की लूट में, तृणमूल कांग्रेस ने खुद अपना ही पिछला रिकार्ड भी तोड़ दिया गया लगता है। विपक्षी उम्मीदवारों के साथ मारपीट से लेकर, हिंसा के जरिए अधिकांश मतदान केंद्रों को विपक्षी चुनाव एजेंट-मुक्त कराने और मतदान केंद्रों पर कब्जे से लेकर मतदान केंद्रों को जाम करने तक के जरिए, जैनुइन मतदाताओं को वोट ही नहीं डालने देने तक, सब कुछ इतने बड़े पैमाने पर हुआ है कि शायद पहली बार ही विपक्ष को करीब-करीब पूरा का पूरा चुनाव ही निरस्त कर के, दोबारा चुनाव कराए जाने की मांग करनी पड़ी है। और यह मांग करने में शब्दशः सारा विपक्ष शामिल है—केंद्र में सत्ताधारी भाजपा से लेकर, कांग्रेस तथा वामपंथ तक, सारा का सारा विपक्ष।

बेशक, स्थानीय निकायों के चुनावों में सत्ताधारी पार्टियों द्वारा गड़बड़ी किए जाने के आरोप कोई नये नहीं हैं। तीन-स्तरीय पंचायती राज प्रणाली के चुनावों के सत्ताधारी पार्टियों के पक्ष में प्रभावित किए जाने के आरोप तो और भी ज्यादा लगते रहे हैं क्योंकि शहरी निकायों में मीडिया की अपेक्षाकृत ज्यादा उपस्थिति के चलते, उनके चुनाव में वैसे खुली धांधली अपेक्षाकृत मुश्किल या सत्ताधारी पार्टी की छवि के लिए कुछ महंगी साबित होती है। यह दूसरी बात है कि तृणमूल कांग्रेस ने शुरू से ही, चूंकि उसका मुकाबला मुख्यतः वामपंथ से था, जिसे हिंसा से दबाए जाने को सत्ताधारी वर्ग से जुड़ी पार्टियों से लेकर मीडिया तक से आसानी मूक अनुमोदन मिल सकता था, शहरी व ग्रामीण स्थानीय निकायों के चुनाव में धांधली को, सीधे चुनाव की लूट के मुकाम तक पहुंचा दिया था। इस लूट की ओर एक हद तक देश तथा मीडिया का ध्यान, पिछले आम चुनाव से पहले हुए पंचायती चुनाव के समय ही गया था, जब केंद्र में सत्ता समेत तमाम संसाधनों की अपनी अनुपातहीन बढ़त के सहारे, 2016 के विधानसभाई चुनाव के बाद के दौर में भाजपा, वामपंथ को पीछे धकेल कर प्रमुख विपक्षी ताकत नजर आने लगी थी और 2018 के तीन-स्तरीय पंचायत चुनावों की तृणमूल कांग्रेस की चुनाव की लूट की चोट भाजपा पर भी पड़ने के चलते, इसमें जनतंत्र पर चोट देखी जाने लगी थी। इसका भाजपा को काफी फायदा भी मिला और 2019 के आम चुनाव तक वह बंगाल में, वामपंथ को बहुत पीछे कर, सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के लिए मुख्य चुनौती की हैसियत हासिल कर चुकी थी। जाहिर है कि कम से कम वामपंथ से मुकाबले में, सत्ताधारी पार्टी द्वारा वोट की इस तरह की लूट में, तृणमूल कांग्रेस अकेली नहीं है। अपने बुनियादी वामपंथ-द्वेष और तानाशाही-प्रेम के चलते, त्रिपुरा में पहली बार सत्ता में आई भाजपा को, तृणमूल कांग्रेस से ये सारे गुर सीखने में रत्तीभर मुश्किल नहीं हुई। नतीजा यह कि शासकीय दमनकारी मशीनरी से लेकर, सत्ताधारी गुंडादलों तक की हिंसा व दमन के जरिए, विपक्ष का सामान्य काम-काज मुश्किल बनाने से लेकर, चुनावों की लूट तक, त्रिपुरा में सत्तासीन भाजपा वही सब करती आ रही है, जो बंगाल में तृणमूल कांग्रेस खासतौर पर वामपंथ तथा आम तौर पर पूरे विपक्ष के खिलाफ करती आ रही थी। अचरज नहीं कि नवंबर के आखिर में त्रिपुरा के शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव में, सत्ताधारी भाजपा ने अगरतला नगरनिगम की 100 फीसद सीटों के साथ, राज्य भर में करीब सारी सीटें जीत लीं और इस क्रम में बंगाल के बाद त्रिपुरा में पांव फैलाने की कोशिश कर रही तृणमूल कांग्रेस को, पहली बार हिंसा, दमन तथा चुनाव की लूट की वही कड़वी दवा पिलाई गई, जो वह बंगाल में दस साल से ज्यादा से विपक्ष को देती आ रही थी। महीने भर से कम में अब कोलकाता नगर निगम के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को, शेष विपक्ष के साथ-साथ भाजपा को भी वही दवा देने का मौका मिल गया है।यह हमें आज विपक्ष की एकता के यक्षप्रश्न पर ले आता है। प्रश्न संक्षेप में यह है कि क्या संघ-भाजपा के बढ़ते तानाशाहीपूर्ण-सांप्रदायिक राज का मुकाबला, तृणमूल कांग्रेस जैसी उन्हीं वर्गीय हितों से जुड़ी, तानाशाहीपूर्ण चरित्र की पार्टियों के साथ किया जा सकता है वास्तव में इसी साल शुरू में हुए विधानसभाई चुनाव में, भाजपा की बंगाल में सत्ता पर काबिज होने की जबर्दस्त कोशिशों की भारी शिकस्त के बाद से, तृणमूल सुप्रीमो की अति-महत्वाकांक्षा ने इस सवाल को और भी सीमित कर दिया है। अब मुद्दा सिर्फ यह नहीं रह गया है कि क्या, तृणमूल जैसी कार्पोरेट हितकारी तथा तानाशाही मिजाज की पार्टी भी, मौजूदा तानाशाहीपूर्ण-सांप्रदायिक कार्पोरेट राज को हटाने या हराने में, कोई योग दे सकती है उसकी जगह पर अब सवाल यह हो गया है कि क्या तृणमूल जैसी किसी कार्पोरेट हितकारी और तानाशाही मिजाज की पार्टी पर, मौजूदा संघ-भाजपा निजाम का विकल्प खड़ा करने के लिए भरोसा किया जा सकता है, जिसमें ऐसे विकल्प में योग दे सकने वाली सभी संभव ताकतों को गोलबंद करने का नेतृत्व करना भी शामिल है। इसमें इतना और जोड़ लिया जाए कि ममता बैनर्जी की तृणमूल कांग्रेस एक से ज्यादा बार कांग्रेस के नेतृत्ववाली सरकारों में ही नहीं, भाजपा के नेतृत्ववाली सरकारों में शामिल रह चुकी है, जो उसके बहुसंख्यक सांप्रदायिकता के विरोध की विश्वसनीयता भी घटाता है। इसके बाद जाहिर है कि इस सवाल का जवाब तो एक निश्चित नहीं ही हो सकता है। बेशक, तृणमूल सुप्रीमो ममता बैनर्जी अगर प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा पालें तो इसमें अचरज की बात नहीं है। इस बार के विधानसभाई चुनाव में बंगाल में भाजपा की जैसी निर्णायक हार हुई है, उसके बाद उनकी यह महत्वाकांक्षा और बढ़ नहीं जाती, तो ही अचरज की बात होती। और प्रशांत किशोर जैसे राजनीतिक सलाहकार सह छवि-निमार्ता के सहारे और इस दौर में जब भारत में चुनावों को ज्यादा से ज्यादा नेता छवियों के बीच चुनाव बनने की ओर धकेला जा रहा है, अगर ममता बैनर्जी को विकल्प के नेतृत्व का अपना दावा पुख्ता तथा दूसरों से प्रबल दिखाई दे तो, इसमें भी अचरज की बात नहीं होगी। लेकिन, तृणमूल कांग्रेस के हाल के कदमों से, जिनमें मेघालय तथा गोवा में कांग्रेस को दलबदल के जरिए मुख्य विपक्षी पार्टी की हैसियत से अपदस्थ करने का पैंतरा शामिल है, जिसको बाद में बिहार तथा हरियाणा से कांग्रेस के कुछ नेताओं से दलबदल कराने तक बढ़ाया गया है, यह साफ है कि तृणमूल कांग्रेस, विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी, कांग्रेस को धकेलकर विपक्ष का नेतृत्व अपने हाथ में लेने की कोशिश कर रही है। वास्तव में, संसद के शीतकालीन सत्र की पूर्व-संध्या में, ममता बैनर्जी के दिल्ली तथा मुंबई के दौरे के समय के सुश्री बैनर्जी तथा प्रशांत किशोर के बयान बता रहे थे कि वे न सिर्फ कांग्रेस को देश के पैमाने पर विपक्ष के अगुआ की हैसियत से हटाने के लिए काम कर रहे हैं, इसकी उन्हें कुछ ज्यादा ही जल्दी भी है।

लेकिन, उनकी यह जल्दबाजी, मोदी निजाम के खिलाफ विपक्ष को एकजुट करने की कोशिशों में पलीता लगाने का ही काम कर रही है। लेकिन, समस्या सिर्फ इतनी ही नहीं है दुर्भाग्य से यह जल्दबाजी इस खामख्याली पर टिकी हुई है कि विकल्प की खिचड़ी पकी-पकाई है; बस उसके प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का फैसला होना बाकी है। और इसमें सुश्री बैनर्जी आसानी से राहुल गांधी को हरा देंगी। लेकिन, ऐसा कतई नहीं है। जैसा कि किसानों के ऐतिहासिक सफल संघर्ष और उसके राजनीतिक माहौल पर पड़े प्रभाव ने दिखाया है, विकल्प की जगह धैर्य से और जनता के वास्तविक हितों के लिए संघर्षों से बनेगी, बनाई जानी है। ममता एंड कंपनी की इस तरह की जल्दबाजी तो विपक्ष के एकजुट प्रयासों को कमजोर कर के, विकल्प की इस जगह के बनने में ही खलल डालती है और इसलिए, वस्तुगत रूप से उल्टी ही पड़ सकती है यानी मोदी निजाम को अपेक्षाकृत सुरक्षित भी कर सकती है।

# टेस्ट सीरीज से पहले सचिन तेंदुलकर ने टीम इंडिया को दी खास सलाह



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम पिछले 29 साल में 7 बार दक्षिण अफ्रीका का दौरा कर चुकी है, लेकिन वो अबतक एक बार भी टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाई है। टीम इंडिया इस समय आठवीं बार दक्षिण अफ्रीका दौरे पर है और वो अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीत की तलाश में लगी है। इसके लिए भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी तैयारी भी शुरू कर दी है। भारतीय टीम 26 दिसंबर से सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में होने वाले पहले टेस्ट मैच से मिशन अफ्रीका की शुरूआत करेगी। टेस्ट सीरीज की शुरूआत से पहले महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने टीम इंडिया के बल्लेबाजों को बेहद ही खास सलाह दी है। तेंदुलकर ने साथ ही टीम इंडिया को साउथ अफ्रीका में सफलता हासिल करने का भी मूलमंत्र दिया है।

तेंदुलकर ने 'बैकस्टेज विद बोरिया' शो में कहा, 'मैंने हमेशा कहा है, फ्रंट फुट डिफेंस बेहद अहम है। आगे आकर डिफेंस करना बहुत ही जरूरी है। साउथ अफ्रीका में यही डिफेंस सबसे ज्यादा काम आता है। पहले 25 ओवरों में फ्रंट फुट डिफेंस बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। आपके हाथ शरीर से ज्यादा दूर नहीं जाने चाहिए। जैसे ही आपके हाथ शरीर से दूर जाते हैं आपका कंट्रोल खो जाता है। इंग्लैंड में भारतीय बल्लेबाजों के हाथ दूर नहीं थे। कई गेंद उनके बल्ले पर नहीं लगी लेकिन कोई बात नहीं। दुनिया का हर बल्लेबाज हर गेंद नहीं खेल पाता। गेंदबाज विकेट लेने के लिए ही होते हैं। लेकिन जब आपके हाथ शरीर से दूर जाता है तो गेंद आपके बल्ले का किनारा भी ले सकती है।' सचिन तेंदुलकर को सर्वकालिक महान बल्लेबाज माना जाता है। सचिन ने अपने करियर में पांच बार- 1992, 1996, 2001, 2006, 2010 में दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया है। इसमें उनके नाम पांच टेस्ट शतक भी दर्ज है। सचिन भारत के अकेले बल्लेबाज हैं जिन्होंने साउथ अफ्रीका में 1000 से ज्यादा टेस्ट रन बनाए हैं। उनके नाम साउथ अफ्रीका में 15 टेस्ट में 46 से ज्यादा की औसत से 1161 रन है।

## शादी की सालगिरह मनाने के दौरान कश्मीर में रियल हीरो से मिले युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे स्टार लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा इन दिनों कश्मीर के गुलमर्ग में अपनी छुट्टियां मना रहे हैं। दोनों आज यानि के मंगलवार को अपनी शादी की सालगिरह भी मना रहे हैं। इस दौरान कश्मीर में उन्होंने सेना के जवानों से भी मुलाकात की। धनश्री ने अपने इंस्टाग्राम पर युजवेंद्र चहल के साथ एक फोटो शेयर की है, जिसमें दोनों सेना के जवानों के साथ खड़े हुए हैं।

युजी की पत्नी ने फोटो के साथ कैप्शन में लिखा, 'आज असली हीरो के साथ मुलाकात की। काफी शानदार अनुभव रहा। इसके लिए सभी का शुक्रिया। जय हिंद।' इससे पहले, दोनों कपल को बर्फीले पहाड़ियों का लुत्फ उठाते हुए देखा गया। दोनों की फोटो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। कश्मीर में मिस्टर एंड मिसेज चहल इस समय ठंड का मजा ले रहे हैं। चहल की पत्नी ने हाल में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की थीं।

# शाहरुख खान ने फिर खेली तूफानी पारी, कर्नाटक को 151 रन से रौंदकर तमिलनाडु सेमीफाइनल में



**जयपुर।** नारायण जगदीशन (102) के शानदार शतक और ाहरुख खान की 79 रन की तूफानी पारी की बदौलत तमिलनाडु ने कर्नाटक को विजय हजारे ट्रॉफी वनडे क्रिकेट टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को 151 रनों के बड़े अंतर से रौंदकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली। तमिलनाडु ने 50 ओवर में आठ विकेट पर 354 रन का विशाल स्कोर बनाया और कर्नाटक को 39 ओवर में 203 रन पर ढेर कर दिया।

रगुपति सिलंबरासन ने आठ ओवर में 36 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट झटके। कर्नाटक की तरफ से श्रीनिवास शरत ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। स्टार बल्लेबाज देवदत्त पडिकल के दूसरे ओवर में खाता खोले बिना आउट हो जाने के झटके से कर्नाटक की टीम अंत तक उबर नहीं सकी और उसने तमिलनाडु के गेंदबाजों के सामने घुटने तक दिए।

इससे पहले, सलामी बल्लेबाज नारायण जगदीशन ने 101 गेंदों पर नौ चौकों और एक छक्के की मदद से 102 रन की बेहतरीन शतकीय पारी खेली। साई किशोर ने 71 गेंदों पर चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 61 रन बनाए जबकि विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने 37 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 44 रन ठोके।

# दक्षिण अफ्रीका को लगा झटका, एनरिक नॉटर्ज टेस्ट सीरीज से हुए बाहर



**नई दिल्ली।** भारत के खिलाफ होने वाले तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले दक्षिण अफ्रीका को तगड़ा झटका लगा है। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नॉटर्ज चोट के कारण 26 दिसंबर से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। मेजबान बोर्ड ने हालांकि अभी तक यह नहीं बताया है कि नॉटर्ज की जगह किसे टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

प्रोटियाज (दक्षिण अफ्रीकी) गेंदबाज एनरिक नॉर्टजे लगातार चोटिल होने के कारण भारत के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं। दुर्भाग्य से वह टेस्ट मैच में गेंदबाजी के लिए पर्याप्त रूप से उबरने में सफल नहीं रहे। वह चोट से उबरने के लिए विशेषज्ञों से सलाह ले रहे है। अभी उनकी जगह किसी और को टीम में शामिल नहीं किया जा रहा है।' भारत और दक्षिण अफ्रीका के पहला टेस्ट 26 दिसंबर से सेंचुरियन के सुपरस्पोर्ट पार्क में खेला जाएगा। नॉर्टजे की गैर मौजूदगी से दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजी आक्रमण को गहरा धक्का लगा है। उनके बाहर होने के बाद अब कगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी पर जिम्मेदारी बढ़ गई है। नॉर्टजे आईपीएल 2021 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेले थे। दिल्ली कैपिटल्स ने मेगा-नीलामी से पहले उन्हें रिटेन करने का फैसला किया था। 28 साल के नॉर्टजे के लिए साल 2021 काफी शानदार रहा है। उन्होंने इस साल पांच टेस्ट मैचों में 20.76 की औसत, 37.6 की स्ट्राइक-रेट और 3.30 की इकॉनमी रेट से 25 विकेट लिए हैं। नॉर्टजे ने इसमें 2 बार पांच विकेट चटकाए हैं और 56 रन देकर 6 विकेट उनका बेस्ट रहा है। 150 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से गेंद फेंकने वाले नॉर्टजे के टेस्ट सीरीज से बाहर होने के बाद भारतीय बल्लेबाज राहत की सांस ले रहे होंगे।

# अस्पताल में एडमिट होने के बाद पाकिस्तानी क्रिकेटर आबिद अली की हालत,पीसीबी ने जारी किया मेडिकल बुलेटिन



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के टेस्ट सलामी बल्लेबाज आबिद अली को प्रथम श्रेणी टूनार्मेंट में बल्लेबाजी करते हुए सीने में दर्द की शिकायत के बाद निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार को उनके 'एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम' (हृदय से जुड़ी बीमारी) से ग्रसित होने का पता चला। कायदे आजम ट्रॉफी में मध्य पंजाब की ओर से खैबर पखतूनख्वा टीम के खिलाफ खेल रहे आबिद ने दो बार सीने में दर्द की शिकायत की जिसके बाद उनकी टीम के मैनेजर अशरफ अली ने उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराने और जांच कराने का फैसला किया। 'एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम' में हृदय में रक्त के प्रवाह में अचानक कमी आती है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बयान में कहा, 'उन्हें (आबिद) तुरंत हृदय अस्पताल ले जाया गया जहां उसे एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम का पता चला। वह हृदय रोग विशेषज्ञ की निगरानी में इलाज करा रहा है जो आगे के उपचार के लिए पीसीबी की चिकित्सा टीम के संपर्क में है। अभी उसकी हालत स्थिर है। इस समय उसकी और उसके परिवार की निजता का सम्मान करने का आग्रह किया जाता है। पीसीबी ने कहा कि आबिद को बल्लेबाजी करते हुए सीने में दर्द और कंधे में असहजता की शिकायत करने पर अस्पताल ले जाया गया। बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि आबिद के सभी एहतियाती परीक्षण किए गए हैं और यह क्रिकेटर अब बेहतर महसूस कर रहा है और उसे कोई दर्द भी नहीं है। यूबीएल परिसर में खैबर पखतूनख्वा टीम के खिलाफ खेलते हुए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 9000 रन पूरे करने वाले आबिद हाल में बांग्लादेश के सफल टेस्ट दौरे के बाद मध्य पंजाब टीम से जुड़े हैं।

पूर्व टेस्ट विकेटकीपर बल्लेबाज और मध्य पंजाब टीम के मैनेजर अशरफ अली ने कहा, 'वह आज सुबह 61 रन बनाकर खेल रहा था जब उसने दो बार सीने में दर्द की शिकायत की और हमने महसूस किया कि उसे अस्पताल भेजना सर्वश्रेष्ठ रहेगा जहां उसकी जांच की जा रही है और उसके कुछ और परीक्षण होंगे।' लाहौर के रहने वाले आबिद ने अपने पदार्पण वनडे और टेस्ट मैच में शतक जड़े थे।

# उत्तर प्रदेश पर शानदार जीत से हिमाचल सेमीफाइनल में पहुंचा



**जयपुर।** विनय गलेटिया 19 रन पर तीन विकेट और प्रशांत चोपड़ा की 99 रन की शानदार पारी से हिमाचल प्रदेश ने उत्तर प्रदेश को विजय हजारे ट्रॉफी वनडे क्रिकेट टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को पांच विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली। हिमाचल ने यूपी को 50 ओवर में नौ विकेट पर 207 रन के मामूली से स्कोर पर रोका और 45.3 ओवर में पांच विकेट पर 208 रन बनाकर जीत अपने नाम की। प्रशांत मात्र एक रन से शतक बनाने से चूके लेकिन उन्होंने 141 गेंदों में 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से 99 रन की मैच विजयी पारी खेली। निखिल गंगटा ने 59 गेंदों पर 58 रन में पांच चौके और तीन छक्के लगाए।

इससे पहले, हिमाचल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। तेज गेंदबाज विनय गलेटिया ने शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर उत्तर प्रदेश को बैकफुट पर धकेल दिया। उत्तर प्रदेश की टीम अपने चार विकेट मात्र 39 रन पर गंवाने के बाद वापसी नहीं कर पाई। अक्षदीप नाथ ने 65 गेंदों में 32, रिंकू सिंह ने 102 गेंदों में छह चौकों के सहारे 76 तथा भुवनेश्वर कुमार ने 52 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 46 रन बनाये और उत्तर प्रदेश को 200 के पार पहुंचाया।

रिंकू ने अक्षदीप के साथ पांचवें विकेट के लिए 64 रन और भुवनेश्वर के साथ छठे विकेट के लिए 73 रन जोड़े। हिमाचल की तरफ से विनय गलेटिया ने 10 ओवर में मात्र 19 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि सद्धिार्थ शर्मा और पंकज जसवाल ने दो-दो विकेट लिए।

# निजी अस्पतालों में प्रसव कराने के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य

अखंड भारत संदेश

**ज्ञानपुर,भदोही।** प्राइवेट अस्पतालों में प्रसव कराने के लिए पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। ऐसा न करने पर कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक में भदोही स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति संतोषजनक न होने पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। इसके साथ ही प्राइवेट अस्पतालों में प्रसव कराने के लिए पंजीयन अनिवार्य कर दिया। चेताया कि निरीक्षण के समय इस तरह की लापरवाही मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की प्रगति रिपोर्ट, परिवार नियोजन कार्यक्रम, मातृ मृत्यु समीक्षा, एंबुलेंस 108 व 102, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की भुगतान, नियमित टीकाकरण सहित अन्य बिदुओं की बारी-बारी से समीक्षा की। जननी सुरक्षा योजना में भदोही स्वास्थ्य केंद्र की प्रगति काफी कम रहने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। प्राइवेट अस्पतालों में प्रसव कराने के लिए पंजीयन अनिवार्य कराने का निर्देश सीएमओ को दिया। गोल्डेन कार्ड धारकों को कार्ड मुहैया कराने में तेजी लाने को कहा। कायाकल्प योजना के तहत स्वास्थ्य केंद्र के आवश्यकता एवं जरूरी सामग्री की खरीद कर ली जाए। हिदायत दी कि स्वास्थ्य विभाग के मुख्य पैरामीटर पर बेहतर कार्य करें। अच्छा कार्य के लिए पुरस्कृत भी किए जाएंगे। बैठक मे मुख्य विकास अधिकारी भानु प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. संतोष कुमार चक, एसडीएम अभय सिंह आदि थे।

# बालू खनन माफिया के संरक्षणदाता बने पुलिस व अफसर

अखंड भारत संदेश

**भदोही।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त हिदायत के बाद भी पुलिस और विभागीय अधिकारी खनन माफिया को संरक्षण देते फिर रहे हैं। आलम यह है कि पट्टा आवंटन के बाद भी इब्राहिमपुर और पुरवां घाट पर बालू की निकासी नहीं शुरू हुई। इससे जहां सरकार को राजस्व घाटा हो रहा है तो वहीं अवैध खनन को संरक्षण मिल रहा है। गंगा घाटों पर नाव के माध्यम से पूरी रात बालू की तस्करी कर अवैध भंडारण किया जा रहा है। गांव के रास्ते और हाइवे पर प्रतिदिन बेधड़क अवैध परिवहन किया जा रहा है। महकमा सब कुछ जानते हुए भी खानापूर्ति करने में जुटा हुआ है।जिले के आधा दर्जन घाटों पर बेधड़क बालू खनन होता रहा लेकिन पुलिस और प्रशासन अब तक एक भी खनन माफिया चिन्हित नहीं कर सका है। भोगांव और बिहरोजपुर में नाव के माध्यम से मीरजापुर से बालू खनन कर दुस्साहसिक तरीके से भंडारण किया जा रहा है। इसके साथ खनन माफिया महंगे दाम पर बालू की तस्करी कर हैं। घाटों पर अवैध भंडारण कर पूरी रात गांव के रास्ते और हाइवे पर बेधड़क बालू ढोया



जा रहा है। हाइवे पर बालू की तस्करी बेधड़क किया जा रहा है। खननबाजों द्वारा लोकेशन बताने के लिए अलग-अलग स्थानों पर बाइकर की तैनाती की है। इनके माध्यम से थाने अथवा पुलिस को लोकेशन बताया जाता है। जब पुलिस गश्त कर थाने में आराम करने जाती है तो गांव के रास्ते हाइवे पर बालू से लदा ट्रैक्टर लेकर खननबाज पहुंच जाते हैं। पूरी रात और दिन इसी क्रम में लुका छिपी का खेल चलता रहता है। इस खेल से स्थानीय पुलिस अनभिज्ञ नहीं रहती है। उसके बताए गए योजना के तहत ही इस तरह के कारनामा किया जाता है। माह लाखों का चूना लग रहा है। नियमानुसार पट्टा आवंटन के बाद नवंबर माह से ही बालू की निकासी शुरू हो जाना चाहिए लेकिन अधिकारियों के तिकड़म से अभी तक खनन शुरू नहीं हो सका है। बालू तस्करी का यह भी बहुत बड़ा कारण है। निर्माण कार्य जहां-तहां ठप है। लोग मीरजापुर और प्रयागराज से महंगे दाम पर बालू खरीदने के लिए विवश हैं। बालू का निकासी पट्टाधारक को करना है। रायल्टी हर माह जमा हो रहा है। अवैध खनन करने पर पिछले माह चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। सीओ और एससडीएम फिर छापेमारी करेंगे। अवैध खनन करते पाया गया तो सख्त प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

## निर्वाचित अधिवक्ताओं को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

**ज्ञानपुर,भदोही।** दी सेंट्रल बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में नव निर्वाचित पदाधिकारियों को अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण समारोह में एडीएम ने कहा कि अधिवक्ता बार और बेंच के बीच सेतु होते हैं। बार- बेंच के बीच बेहतर तालमेल होने से वादकारी का हित सर्वोपरि है। कलेक्ट्रेट स्थित बार सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष पद पर श्रीकांत पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर माता दुलार पांडेय, उपाध्यक्ष के पद पर सुरेश कुमार तिवारी, मनोज कुमार यादव, सुरेंद्र कुमार, नीलेश कुमार सिंह और महासचिव पद पर हरिहर सिंह, संयुक्त सचिव आशीष कुमार राय, चंद्र प्रकाश पांडेय, विकास कुमार पांडेय व कोषाध्यक्ष पद पर सत्य कुमार दुबे को निर्वाचित को शपथ दिलायी गई।

निर्वाचन में प्रबंध कार्यकारिणी के रमापति सिंह, मधुसूदन पांडेय, सूर्यमणि पांडेय, श्यामलाल यादव, राजेश कुमार मौर्य, अनिल कुमार पांडेय, अखिलेश प्रताप सिंह, शिवशंकर पांडेय, मोतीलाल यादव, आनंद कुमार शुक्ल, अजीत कुमार सिंह व इमामुद्दीन ने भी शपथ ग्रहण किया।

# मेलबर्न टेस्ट से पहले कंगारू टीम में हुई स्कॉट बोलेंड की एंट्री



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 275 रनों से पटखनी देकर 2-0 की बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने जीत के लिए 468 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसके जवाब में इंग्लैंड की टीम पांचवें और आखिरी दिन 192 रनों पर ऑलआउट हो गई।

दोनों टीमों के बीच सीरीज का अगला मुकाबला प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर 26 दिसंबर से शुरू होगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस मैच से पहले तेज गेंदबाज स्कॉट बोलेंड को टीम में शामिल किया है। बोलेंड का घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन शानदार रहा है, जहां उन्होंने विक्टोरिया की ओर से दो मैचों में 10 की औसत से 15 विकेट झटके हैं।

बोलेंड ने एडिलेड में टीम जॉइन कर ली है। उन्हें फास्ट बॉलिंग यूनिट के वर्कलोड को देखते हुए टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया को एडिलेड में हुए पिंक बॉल टेस्ट में अपने दो प्रमुख तेज गेंदबाज पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के बिना ही उतरना पड़ा था। दोनों अलग-अलग से यह मैच नहीं खेल सके थे। कमिंस जहां कोविड-19 से संक्रमित पाए गए रेस्टोरेंट के एक शख्स के संपर्क में आने की वजह से बाहर हुए थे, जबकि हेजलवुड पीठ की समस्या से परेशान थे। इन दोनों खिलाड़ियों के बिना भी ऑस्ट्रेलिया ने शानदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड को एक भी पारी में 250 रन भी नहीं बनाने दिए। कमिंस के मेलबर्न टेस्ट के लिए मौजूद होने के बाद कप्तानी का जिम्मा भी उन्हीं के हाथों में होगा। एडिलेड में उनकी जगह उप-कप्तान स्टीव स्मिथ ने कप्तानी संभाली थी और जोरदारी पारी खेल सिलेक्टर्स के फैसले को सही साबित किया था। उन्होंने पहली पारी में टीम द्वारा बनाए 473 में से 93 रनों का योगदान दिया।

## यूपी में खतरे की घंटी : 21 दिनों में ढाई गुना बढ़ गए कोरोना के एक्टिव केस

**लखनऊ।** कोरोना की तीसरी लहर की आशंकाओं के बीच प्रदेश में कोरोना के मामले एक बार फिर बढ़ रहे हैं। कई महीनों बाद दिसंबर में यह वृद्धि देखने को मिल रही है। बीते 21 दिन में संक्रमण के मामलों में तकरीबन ढाई गुना बढ़ोतरी हो चुकी है। 30 नवंबर को प्रदेश में सक्रिय केसों की संख्या 89 थी, मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट में यह बढ़कर 211 हो चुकी है। बढ़ते मामलों ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता भी बढ़ा दी है। लखनऊ, आगरा सहित कई जिलों में फिर सख्ती के निर्देश जारी किए गए हैं।



तेज टीकाकरण और हर दिन डेढ़ से पौने दो लाख कोविड सैंपलों की जांच के बाद भी कोरोना संक्रमण के मामले फिर बढ़ने लगे हैं। नवंबर में नए मिलने वाले केसों की जो संख्या इकाई के अंक में थी वो अब फिर दहाई में पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में प्रदेश में फिर 23 नए केस मिले हैं। संक्रमण के बढ़ने को यदि आंकड़ों की नजर से देखें तो एक नवंबर को सक्रिय केस 106 थे, जो 30 नवंबर को 89 रह गए। हालांकि नवंबर में ही सक्रिय मरीजों का आंकड़ा 89 से भी नीचे पहुंच गया था। जबकि 16 दिसंबर की रिपोर्ट में यह संख्या 157 पहुंच चुकी थी, जो अब 211 तक पहुंच गई है।

कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रोन की दस्तक यूपी में जरूर हुई है मगर फिलहाल राहत की बात यह है कि उसके मामले बढ़े नहीं हैं। चिंता की बात यह है कि डेल्टा वेरिएंट बरकरार है। बीते दिनों जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए दिल्ली भेजे गए सैंपलों में से खराब सैंपलों को छोड़ दें तो बाकी सबमें डेल्टा वेरिएंट की ही पुष्टि हुई है। दो बार भेजे गए सैंपलों में ऐसे मामले 49 हैं। उधर, स्वास्थ्य विभाग तेजी से तीसरी संभावित लहर की तैयारी में जुटा है। खासतौर से सभी सरकारी अस्पतालों में बच्चों के लिए पीकू वार्ड की व्यवस्था की गई है। जिलों के अलावा सीएचसी और पीएचसी पर भी आईसीयू बेड बढ़ाए गए हैं। ऑक्सीजन के 551 प्लांट लग चुके हैं। पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता का भी दावा किया गया है। 17 व 18 दिसंबर को दो दिवसीय मॉक ड्रिल के जरिए तमाम तैयारियों को परखा भी गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि खतरा अभी टला नहीं है इसलिए लोग सख्ती से कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें। भीड़भाड़ से बचें और मॉस्क का प्रयोग जरूर करें।

## भारत में जल्द लग सकते हैं कड़े प्रतिबंध, केंद्र सरकार ने राज्यों को दिए खास निर्देश

**नई दिल्ली।** कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट के बढ़ते मामलों के चलते पूरे देश में कड़े प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। इस संदर्भ में भारत सरकार ने राज्यों को पत्र लिखा है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने सभी राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र लिखकर कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि भारत में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन वैरिएंट के 200 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। ये मामले 12 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में आए हैं।




राज्यों को लिखे अपने पत्र में स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा, ₹ओमिक्रॉन डेल्टा की तुलना में कम से कम 3 गुना अधिक संक्रामक है। इसलिए, स्थानीय और जिला स्तर पर और भी अधिक दूरदर्शिता, डेटा विश्लेषण, गतिशील निर्णय लेने और सख्त और त्वरित रोकथाम कार्रवाई की आवश्यकता है।₹ उन्होंने पत्र में कहा कि डेल्टा अभी भी देश के विभिन्न हिस्सों में मौजूद है। उन्होंने राज्यों से ओमिक्रॉन के बढ़ते मामलों को देखते हुए प्रतिबंध और निगरानी बढ़ाने के लिए कहा है।

उन्होंने कहा, ₹वर्तमान वैज्ञानिक प्रमाणों के आधार पर, वीओसी ओमिक्रॉन डेल्टा वीओसी की तुलना में कम से कम 3 गुना अधिक संक्रामक है। डेल्टा वीओसी अभी भी देश के विभिन्न हिस्सों में मौजूद है।

## वायु प्रदूषण : दिल्ली की हवा 20 दिन बाद फिर दमघोंटू, एक्यूआई 400 से अधिक

**नई दिल्ली।** दिल्ली की हवा 20 दिनों बाद फिर से दमघोंटू हो गई है। मंगलवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 अंक से ऊपर रहा। इस स्तर की हवा को गंभीर श्रेणी में रखा जाता है। राजधानी में इससे पहले दो दिसंबर को वायु गुणवत्ता सूचकांक 429 के अंक पर यानी गंभीर श्रेणी में रहा था। बाद में हवा की रफ्तार में थोड़ी बढ़ोतरी के चलते गुणवत्ता में सुधार हुआ था। सफर का अनुमान है कि हवा शांत पड़ने के चलते अगले दो-तीन दिनों के बीच वायु गुणवत्ता सूचकांक इसी आसपास रह सकता है। यूं तो दिल्ली के लोग आमतौर पर जाड़े के समय गंभीर प्रदूषण का सामना करते हैं। लेकिन, इस बार दिवाली के बाद से ही लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



दिवाली के बाद से ज्यादातर समय दिल्ली की हवा बेहद खराब या गंभीर श्रेणी में रही है। हवा के शांत पड़ने के साथ ही मंगलवार को एक बार फिर दिल्ली की हवा गंभीर श्रेणी में पहुंच गई। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक मंगलवार को 402 अंक पर रहा। एक दिन पहले सोमवार को यह 332 था यानी एक दिन में 70 अंकों की बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली की हवा में इस समय मानकों से चार गुना अधिक प्रदूषण है। मंगलवार शाम पांच बजे हवा में प्रदूषक कण पीएम 10 का स्तर 397 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और पीएम 2.5 का स्तर 253 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा। मानकों के मुताबिक, हवा में पीएम 10 की मात्रा 100 से और पीएम 2.5 की मात्रा 60 से नीचे रहनी चाहिए, तभी स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है।

## एलओसी पर पाकिस्तान का दुस्साहस, बंकर बनाने की कोशिश, सेना ने हटवाया

**श्रीनगर।** लाइन ऑफ कंट्रोल पर पाकिस्तान की नापाक हरकत एक बार फिर बेनकाब हुई है। कुपवाड़ा जिले के टीटवाल सेक्टर में एलओसी पर पाकिस्तानी रेंजर्स ने अवैध निर्माण किया है। सेना ने इस निर्माण पर कड़ी आपत्ति जताई है। इलाके के स्थानीय पुलिस अधिकारी ने पाकिस्तान की ओर से किए जा रहे इस अवैध निर्माण की पुष्टि की है।

भारतीय सेना ने उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के टीटवाल सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा शुरू किए जा रहे एक 'निर्माण' पर आपत्ति जताई है। इलाके के स्थानीय पुलिस अधिकारी ने कहा, ₹तीतवाल इलाके में नियंत्रण रेखा पर असामान्य निर्माण को देखने के बाद स्थानीय लोगों ने भारतीय सेना के अधिकारी और पुलिस को सूचित किया। उसके बाद भारतीय सेना ने सीमा के करीब पाकिस्तानी रेंजर्स द्वारा निर्माण की असामान्य गतिविधि पर आपत्ति जताई। साथ ही लाउडस्पीकर के जरिए पाक रेंजर्स को इस अवैध निर्माण को तुरंत रोकने के लिए कहा। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि इलाके में 'निर्माण' रुक गया है। अधिकारी ने कहा, उन्होंने सीमा के दूसरी तरफ कुछ ढांचे का निर्माण शुरू कर दिया था जो इस तरफ से 500 मीटर की सीमा के भीतर आ गया था। उन्होंने कहा, ₹प्रोटोकॉल के तहत किसी भी पक्ष को किसी भी प्रकार के निर्माण की अनुमति नहीं है जब तक कि किसी भी पक्ष को पहले से सूचित न किया जाए। हालांकि यह अभी पता नहीं चल पाया है कि यह बंकर था या कोई झोंपड़ी। सेना ने अभी तक इस घटना पर आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।



## बढ़ेंगी बच्चन परिवार की मुश्किलें! ऐश्वर्या के बाद अब अभिषेक से भी पूछताछ कर सकती है ईडी

**नई दिल्ली।** पनामा पेपर्स मामले में बच्चन परिवार की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। मशहूर फिल्म अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन से पूछताछ के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय उनके पति और फिल्म अभिनेता अभिषेक बच्चन से भी पूछताछ कर सकती है। ईडी का कहना है कि मामले की जांच जारी है, कुछ और पूछताछ हो सकती है। ईडी ने ऐश्वर्या राय



बच्चन से करीब छह घंटे तक पूछताछ की थी। इस दौरान उनसे दो दर्जन से ज्यादा सवाल पूछे गए। पूछताछ के दौरान उन्हें एमिक पार्टनर्स लिमिटेड कंपनी से जुड़े दस्तावेज भी दिखाए गए थे। सूत्रों का कहना है कि पूछताछ के दौरान ऐश्वर्या राय बच्चन ने तीन बार ब्रेक लिया था। प्रवर्तन निदेशालय के सूत्रों के मुताबिक, ऐश्वर्या राय के बयान की जांच की जा रही है। उनके बयानों के आकलन के बाद क्रॉस चेक करने के लिए उनके पति अभिषेक बच्चन को भी समन किया जा सकता है, पर उन्हें बुलाने के बारे में अंतिम फैसला प्रवर्तन निदेशालय मुख्यालय से लिया जाएगा। दरअसल, ऐश्वर्या राय बच्चन का नाम पनामा पेपर्स में शामिल था। इस सिलसिले में जांच एजेंसी ने बच्चन परिवार को नोटिस जारी कर फेमा के तहत अपने फॉरेन रेमिटेंस के बारे में बताने के लिए कहा था।

## मेरठ : होटल में 12वीं की छात्रा से गैंगरेप, पीड़ित पिता बोले- इंसाफ नहीं मिला तो कर लूंगा आत्महत्या

**मेरठ।** मेरठ में लिसाड़ी गेट क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी छात्रा ने दो युवकों पर गैंगरेप का आरोप लगाया है। पीड़िता को लेकर परिजन एसएसपी के समक्ष पहुंचे तो पिता बिलख पड़े। उन्होंने बताया कि चार दिन से खाना नहीं खाया है और काफी परेशान हूं। कहा कि इंसाफ नहीं मिला तो आत्महत्या कर लूंगा। इसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और दोनों आरोपियों को दबोच लिया गया।

किशोरी 12वीं की छात्रा है। छात्रा को साथ लेकर उसके पिता मंगलवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचे। यहां बताया कि बेटी से दो मनचले लगातार छेड़छाड़ कर रहे थे। इसकी जानकारी हुई तो बेटी को खुद स्कूल छोड़ने और वापस लाने की व्यवस्था बनाई। पिता ने बताया कि आठ दिन पूर्व उनकी बेटी अकेले स्कूल गई थी। इस दौरान आरोपी तालिब और मोहसीन छात्रा को जबरन दिल्ली रोड के होटल में ले गए। आरोपियों ने छात्रा के साथ गैंगरेप किया। इसकी जानकारी पीड़िता ने चार दिन पहले दी। छात्रा के पिता ने एसएसपी को बताया कि वह काफी परेशान हैं और चार दिन से खाना नहीं खाया है। इंसाफ नहीं मिला तो आत्महत्या कर लेंगे। इसके बाद एसएसपी प्रभाकर चौधरी के निर्देश पर लिसाड़ी गेट थाने में आरोपी तालिब और मोहसिन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, सीओ कोतवाली अरविंद चौरसिया ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली है। पुलिस घटनास्थल को लेकर भी जांच कर रही है।

## कड़ाके की ठंड में ठिठुरा उत्तर प्रदेश, दस जिलों का तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से कम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश समेत पूरा उत्तर भारत कड़ाके की सर्दी की चपेट में है। कई राज्यों में शीतलहर से पारा काफी लुढ़क गया है। दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में न्यूनतम तापमान दो डिग्री के आसपास पहुंच गया है। मौसम विभाग ने पहाड़ों पर बारिश और बर्फबारी के आसार होने से अगले दो-तीन ऐसी ही ठंड पड़ने की संभावना जताई है। उत्तर प्रदेश में बीते 24 घंटों में दस से ज्यादा जिलों में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से कम दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य में सबसे ठंडा जिला मुजफ्फरनगर रहा। यहां न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं लखनऊ में न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। लखनऊ में इस मौसम का यह अब तक का सबसे कम तापमान रहा। मौसम विभाग के अनुसार अभी दो दिन ऐसी स्थिति बनी रहेगी। तापमान में गिरावट होगी।



मौसम विभाग का लखनऊ केंद्र राज्य के 32 सेंटरों से रिकॉर्ड इकट्ठा करता है। इनमें सभी जगह बीती रात न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। मुजफ्फनगर में न्यूनतम तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस और मेरठ में 2.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। फुरसतगंज, बरेली, शाहजहांपुर और नजीबाबाद में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लखनऊ बीते चार दिनों से शीतलहर की चपेट में है। रविवार से न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस के नीचे बना हुआ है। सोमवार को न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस था, मंगलवार को यह 5.3 डिग्री तक लुढ़क गया। हालांकि दिन में चटख धूप खिलने से ठंड से कुछ राहत रही। सोमवार को दिन में अधिकतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस था, मंगलवार को चार डिग्री बढ़कर यह 22.3 डिग्री सेल्सियस हो गया। मौसम विभाग के निदेशक जेपी गुप्ता ने बताया कि अगले दो-तीन दिनों में ठंड से मामूली राहत मिल सकती है पर उसके बाद मौसम में कुछ बदलाव हो सकता है। कुछ पश्चिमी विक्षोभ तैयार हैं इससे 25 से 27 दिसम्बर तक बदली हो सकती है। तापमान नौ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

## पत्नी से भिड़ना दुबई के शासक को पड़ा भारी, अब भरना होगा 5550 करोड़ रुपये, बीवी ने शेख पर लगाया था हत्या की कोशिश का आरोप

**लंदन।** ंदन हाई कोर्ट ने अपनी पूर्व पत्नी और दो बच्चों के साथ हिरासत की लड़ाई को निपटाने के लिए 5550 करोड़ रुपये देने का आदेश दिया है। जज ने कहा है कि जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला की सौतेली बहन राजकुमारी हया बिन्त अल-हुसैन और दंपति के दो बच्चों को दिए जाने वाले रकम का मुख्य मकसद उनकी आजीवन सुरक्षा सुनिश्चित करना है। जज ने कहा है कि वह सुरक्षा के सिवा कुछ भी नहीं मांग रही है। जज ने शेख को तीन महीने के भीतर हया को उसकी ब्रिटिश हवेली के रखरखाव के लिए



2525 करोड़ रुपये का एकमुश्त पेमेंट करने का आर्डर दिया है।

संयुक्त अरब अमीरात के उपराष्ट्रपति और प्रधान मंत्री शेख को 14 साल की जलीला की शिक्षा के लिए 30 करोड़ रुपये और 9 साल के जायद और 96 करोड़ रुपये बकाया राशि प्रदान करने के लिए भी कहा गया था। उन्हें बच्चों के भरण-पोषण और वयस्क होने पर उनकी सुरक्षा के लिए सालाना 112 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए भी कहा गया था।

## लीबिया तट पर डूबा जहाज, 160 से अधिक शरणार्थियों की मौत

**काहिरा।**

लीबिया में पिछले हफ्ते से लेकर अब तक दो अलग-अलग जहाजों में सवार 160 से अधिक शरणार्थी डूब गए। संयुक्त राष्ट्र के प्रवासी मामलों के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय प्रवासी संगठन की प्रवक्ता सफा सेहली ने बताया कि शुक्रवार को लीबिया तट पर लकड़ी की नौका डूबने से कम से कम 102 शरणार्थियों की मौत हो गयी। कम से कम आठ अन्य को बचा लिया गया और तट तक लाया गया। साता दिन बाद लीबिया तटरक्षक बबल ने एक अन्य जहाज के मलबे से कम से कम 62 शरणार्थियों के शव बरामद किए। उन्होंने बताया कि कम से कम 210 शरणार्थियों को ला रही एक अन्य नौका को रोका गया और लीबिया वापस लाया गया। सेहली ने बताया कि इन मौतों से मध्य भूमध्यसागर के रास्ते में डूबने वाले शरणार्थियों की संख्या इस वर्ष करीब 1,500 हो गयी है।



## अब पाकिस्तान के पंजाब में तेज हुआ किसान आंदोलन, एमएसपी और बिजली बिल बने मुद्दे

**लाहौर।** भारत में एक साल के लंबे संघर्ष के बाद किसानों ने अपना आंदोलन खत्म कर दिया है। लेकिन अब पाकिस्तान के किसानों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। मामला पाक के पंजाब प्रांत का है। यहां किसानों ने गेहूं समर्थन मूल्य और बिजली बिलों में अधिक बिलिंग के मुद्दे पर प्रांतीय सरकार के खिलाफ अपना विरोध तेज कर दिया है।

पाकिस्तान के पंजाब राज्य में किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर अपना आंदोलन तेज कर दिया है। डॉन के अनुसार, पाकिस्तान किसान इत्तेहाद (पीकेआई) के प्रतिनिधिमंडल ने लाहौर के सिविल सचिवालय में पंजाब के मुख्य सचिव कामरान अली अफजल से मुलाकात की और बाद में सोमवार को यहां अपना विरोध प्रदर्शन स्थगित करने की घोषणा की। प्रतिनिधिमंडल से बात करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि उनके कार्यालय के दरवाजे सभी के लिए खुले हैं और सड़कों पर आने का कोई औचित्य नहीं है। मुख्य सचिव कामरान अली ने कहा, ₹सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कदम उठा रही है और प्रांतीय प्रशासन पहले से ही गेहूं समर्थन मूल्य और बिजली बिलों में अधिक बिलिंग के मुद्दे पर संघीय सरकार के संपर्क में है। गेहूं की फसल के लिए निश्चित मूल्य पर यूरिया की उपलब्धता के लिए प्रशासन कड़ी मेहनत कर रही है और किसी को भी मुनाफाखोरी के जरिए उत्पादकों का शोषण नहीं करने दिया जाएगा।₹



दूसरी ओर, पाकिस्तान की इमरान खान सरकार ने लाहौर आने वाले किसानों के जुलूसों को रोक दिया और कई आंदोलनकारी किसानों को गिरफ्तार कर लिया। पीकेआई के खालिद हुसैन बट ने मुख्य सचिव कामरान को किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। इससे पहले प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रपति उमैर मसूद, इफ्तिखार अहमद, मेहर अकमल और मुहम्मद हुसैन शामिल थे, जबकि अतिरिक्त मुख्य सचिव, कृषि सचिव, लाहौर संभाग आयुक्त और ओकारा और कसूर के उपायुक्त भी उपस्थित थे। सूत्रों के मुताबिक, ओकारा और कसूर के जिला प्रशासन ने रविवार देर रात लाहौर-मुल्तान रोड के विभिन्न चौराहों पर 2,000 से अधिक किसानों को रोका।

**अखंड भारत संदेश** के लिए (स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति) क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूसी प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित एवं विपिन इंटरप्राइजेज 1/6C माधवकुंज, कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति पी.आर.बी .एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदाई। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

UPHIN 29506